हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 29 मार्च 2026
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NIRF RANKING 2025
Ranked in the Top 101-150 Universities
NAAC Accredited
UGC & AICTE Approved
600+ International Students from 33 Countries
130+ Career-Focused Programs
400+ Recruitment Partners
1200+ Internships Offered
Highest Package: INR 29 LPA

## Faculty of Information Technology & Computer Science

# Turn Your Passion for Tech Into a High-Growth Career.

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

**Undergraduate**
- **BCA in Artificial Intelligence & Machine Learning**
- **B.CS in AI & ML and Cybersecurity**
- **Bachelor of Animation & VFX**

**Postgraduate**
- **MCA** • **M.CS in AI & ML and Cybersecurity**
- **Master of Data Science** • **PGDCA**
- **Master of Animation & VFX**

**Diploma**
- **Diploma in Computer Applications (DCA)**

**New-Age Specialisations**
- **BCA in Game Development with AI** in collaboration with Hi TECH ANIMATION

**Powered by Industry Experts**
- **In Collaboration with IBM Innovation Centre for Education**
- **Industry-designed AI & ML curriculum**
- **Practical learning with advanced labs**

**7 Centres of Excellence** (For Practical & Applied Learning)
- TechnoViz Automation — for Industrial Internet of Things (IIoT)
- Godawari eblu — for Research and Training on Electric Vehicles
- IBM Innovation Centre for Education — for B.Tech CS in AI & ML
- JustAuto Solutions — for Repair & Monitor of Maintenance of Vehicles
- BDS Education — for Robotics, Coding, and Drones
- Proud to say IamSMEofIndia — for Micro, Small, and Medium Enterprises (MSME)
- BOSCH — for Bridge Courses

**Research & Advanced Infrastructure :**
- 90+ Advanced Laboratories (SIRO Recognised by the Govt. of India)
- Exclusive Central Instrumentation Facility (CIF) (High-end research equipment)

**Startup Ecosystem :**
- Kalinga Incubation Foundation (KIF) • 7 Functional Startups on campus
- Your startup journey starts with our mentorship



*Everything you need to build a successful tech career. All in one place.*

**Top Recruiters**
Infosys | Wipro | Oracle | Capgemini | TCS | Accenture | Bosch | Godawari | Adani | Biocon

**+91-9907252100**

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur - 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Apply through Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

swarnimaera@gmail.com
www.swarnimaera.com

Follow us

SWARNIMA ERA
Add more to life

# हर उम्र के लिए सुकून, हर पल एक उत्सव

ज़िन्दगी में कुछ अच्छा जोड़िये।
सेहत, सुकून, शांति से जुड़िए।

## कुछ कहती है प्रकृति

स्वर्णिमा एरा टाउनशिप में "Nature Theme" पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

रविवार, 29 मार्च 2026 | समयः शाम 4:30 बजे

सपरिवार पधारें



### एक शानदार जीवन के लिए thoughtfully designed गार्डन अमेनिटीज़



### चिल्ड्रन प्ले एरिया

बच्चों के लिए बाहरी खेल उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। यह शारीरिक मजबूती, मानसिक रचनात्मकता, बेहतर नींद और सामाजिक कौशल को बढ़ावा देते हैं। बाहर खेलने से बच्चों में आत्मविश्वास, प्रकृति के प्रति प्रेम, मोटापा कम होने और इम्युनिटी मजबूत होने जैसे फायदे मिलते हैं।

### वाटरफॉल्स एन्ड गार्डन फॉउन्टेंस

प्रकृति के झरनों जैसा अनुभव देने वाले वॉटरफॉल्स और गार्डन फॉउन्टेंस हर पल को खास बना देते हैं। शांतिपूर्ण वातावरण, बहते पानी की मधुर आवाज मानसिक शांति देती है और बाहरी शोर-शराबे को दबाकर सुकून भरा वातावरण बनाती है। यह पक्षियों को आकर्षित करने, प्राकृतिक नमी बनाए रखने और वास्तु के अनुसार सकारात्मक ऊर्जा लाने में सहायक होती है।

### जॉगिंग ट्रैक / पाथवे एन्ड ओपन जिम

सुबह की वॉक हो या खुले आसमान के नीचे वर्कआउट, यह स्पेस आपके शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखने में मदद करती है। नियमित एक्सरसाइज़ से फिटनेस बेहतर होती है, स्टैमिना बढ़ता है और दिनभर एनर्जी बनी रहती है, साथ ही आपको मिलता है सुकून और सकारात्मकता का एहसास।

### नाइट लाइट एम्बियंस

रात के समय सजी खूबसूरत लाइटिंग पूरे गार्डन को एक जादुई माहौल में बदल देती है, जहां हर कोना सॉफ्ट रोशनी में नहाया हुआ नजर आता है। हल्की-हल्की जगमगाहट, पेड़ों और पाथवे पर पड़ती रोशनी, और शांत वातावरण मिलकर एक बेहद सुकूनभरा अनुभव देते हैं। यह एम्बियंस आपकी शामों को सिर्फ यादगार ही नहीं, बल्कि खास बना देता है

**2, 3 & 4 BHK**
Stylish Independent Bungalows

**30+ MODERN**
Lifestyle Amenities

बहते पानी की मधुर आवाज मन को शांति देती है और तनाव को कम करती है। खुले गार्डन्स और नेचुरल स्पेस शरीर को फिट और एक्टिव बनाए रखते हैं। यह वातावरण बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और बेहतर विकास को बढ़ावा देता है।

*- प्रकृति एवं हरियाली पर शोध के अनुसार*

" जबसे मैंने स्वर्णिमा एरा में घर लिया है, हमारी पूरी फैमिली यहां की हरियाली को एंजॉय कर रही है। यहां हम गार्डन्स में समय बिताते हैं, ग्रीन लैंडस्केप्स में वॉक करना, सुबह ओपन जिम का उपयोग करना, और रात में वॉटरफॉल्स के बीच बैठकर बातचीत करना, ये सब हमारे मन को सुकून और शांति देता है। साथ ही, हमें बहुत स्ट्रेस-फ्री महसूस होता है। "

**कमलेश कुमार गुप्ता,** हाउस नं.- D2/166, स्वर्णिमा एरा

Conceptualized By AdPRAYAS

**REGISTER YOUR INTEREST NOW**

Scan this QR code for Location

Site address:
SWARNIMA ERA,
BESIDE GEETANJALI CITY
PHASE 2, BAHTARAI ROAD,
BILASPUR (C.G.)

For more info
**97557 93333, 97552 93333**

Rera no.
PCGRERA250221001201
www.rera.cgstate.gov.in

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 29 मार्च 2026
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

तापमान
अधिकतम 38.4 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री



इंदु चौक स्थित लेफ्ट टर्न में बस खड़ी कर दी जाती है। जिसके चलते ट्रैफिक जाम होता है।

**खबर संक्षेप**

### गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा के सलूजा अध्यक्ष



**बिलासपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा दयालबंद के 2026 से 2028 तक सरदार परमजीत सिंह सलूजा को मुख्य सेवादार अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। इनके अध्यक्ष निर्वाचित होने पर पूरे समाज में हर्ष व्याप्त है। श्री सलूजा पूर्व में सचिव के पद पर भी रह चुके हैं और उन्होंने अपने दायित्व का बहुत ही अच्छे से निर्वहन किया था। उनके पिता स्व. भगतराम सलूजा अनेकों वर्षों तक कोषाध्यक्ष के रूप में सेवा दी। उनके भाई सरदार सुरजीत सिंह सलूजा पूर्व में प्रधान की सेवा का दायित्व निभाया चुके हैं। परमजीत सिंह सलूजा हमेशा ही गुरुबाणी से जुड़े रहना, नित अमृतवेला में उठ के गुरुद्वारा साहिब में आ के गुरु महराज के प्रकाश में शामिल होना, ये उनके दिनचर्या का एक अटूट हिस्सा है।

### टीआई सिन्हा होगें रेंज साइबर पुलिस थाना प्रभारी



**बिलासपुर।** आईजी रामगोपाल गर्ग द्वारा प्रशासनिक आधार पर मुंगेली जिला के एसीसीयू टीआई प्रसाद सिन्हा को रेंज साइबर पुलिस थाना का प्रभार दिया गया है। साथ ही रेंज साइबर पुलिस थाना टीआई गोपाल सतपथी को जिला बिलासपुर वापस किया गया है। टीआई श्री सिन्हा बिलासपुर में तारबाहर थाना, एसीसीयू में पदस्थ रहे। इसके अलावा सकरी, रतनपुर, कोनी थाना प्रभारी रह चुके हैं।



# 45 दिन तारबाहर आरयूबी बंद करने का आदेश, विरोध शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल प्रशासन ने एक अप्रैल से 15 मई तक यानि 45 दिनों के लिए तारबाहर अंडरब्रिज को बंद करने का आदेश जारी कर दिया है, जिसके बाद से आरयूबी से आने-जाने वाले लोगों का विरोध शुरु हो गया है जो आरयूबी बंद के बाद भी आवागमन की बात कह रहे हैं।

बिलासपुर रेलवे में तारबाहर रेलवे क्रासिंग महत्वपूर्ण क्रासिंग में से एक है। तारबाहर में यार्ड के अलावा प्रतिदिन बिलासपुर से हावड़ा, मुम्बई, कटनी की ओर यात्री और मालगाड़ी सहित करीब 400 से अधिक ट्रेनों का आवागमन किया जाता है। इसके अलावा तारबाहर रेल क्रासिंग के यार्ड दूसरे स्टेशनों से बिलासपुर में समाप्त होने वाली ट्रेनों को मेंटनेंस और अन्य कार्य के लिए कोचिंग डिपो में रवाना किया जाता है। प्रतिदिन इस तरह की परेशानी से सिरगिट्टी से तारबाहर के बीच आने-जाने वाले हजारों की संख्या में राहगीर गुजर रहे थे। इसमें सबसे अधिक परेशानी स्कूल के बच्चे, बीमार लोगों को भी हो रही थी। करीब 12 करोड़ रुपए की लागत से तारबाहर से सिरगिट्टी शराब दुकान के पहले यानि बाईपास रेल लाइन के पहले बने शिव मंदिर तक रोड अंडरब्रिज का निर्माण कार्य किया गया। इसके बाद भी लोगों की परेशानी कम नहीं हुई। अंडरब्रिज से निकलने के बाद बाईपास से गुजरने वाली मालगाड़ियां और घंटों बेरियर बंद से लोगों को इंतजार करना पड़ रहा था। यह समस्या भी एक साल पहले रेल प्रशासन ने दूर कर दी। रोड अंडरब्रिज में सबसे बड़ी समस्या धूल और गड्ढों के कारण वर्तमान में लोगों को हो रही है। रेल प्रशासन ने 6 माह पहले ही तारबाहर आरयूबी से आवागमन बंद कर मेंटेंनेंस व अन्य कार्य किए थे। अब एक बार फिर रेलवे की ओर से अधिकारियों ने नया आदेश जारी कर दिया है।

नए आदेश के अनुसार बिलासपुर स्टेशन यार्ड किलोमीटर 719/28-30 में स्थित तारबाहर अंडरब्रिज में बेहतर सड़क आवागमन के लिए सड़क का मरम्मत कार्य 1 अप्रैल से लेकर 15 मई यानि 45 दिनों तक किया जाएगा। इसकी वजह से तारबाहर आरयूबी में लोगों का आना-जाना पूरी तरह से बंद रहेगा।

**चुचुहियापारा डेढ़ किलोमीटर दूर**



रेल प्रशासन ने तारबाहर आरयूबी को बंद करने के साथ लोगों को वैकल्पिक व्यवस्था के लिए चुचुहियापारा रोड अंडरब्रिज और हेमूनगर रोड ओवरब्रिज से आवागमन करने का अनुरोध किया है। इस अनुरोध के विपरीत स्थानीय लोगों का कहना है कि तारबाहर आरयूबी को अभी बनाने की कोई आवश्यकता नहीं है। चुचुहियापारा और हेमूनगर के ब्रिज की दूरी स्थानीय स्थान से करीब डेढ़ से दो किलोमीटर अधिक हैं। इसके कारण लोगों को काफी परेशानी होती है। सबसे अधिक स्कूल के बच्चों की परेशानी हैं, जिन्हें घुमकर जाना पड़ेगा और बीमार यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव आज शहर के कार्यक्रमों में शामिल होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का रविवार 29 मार्च को बिलासपुर शहर आगमन हो रहा है। वे यहां विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे और अटल परिसर सहित अनेक निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन करेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अधोसंरचना मद से 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित अटल परिसर का लोकार्पण करेंगे। परिसर में सौंदर्यीकरण के साथ ही पेडस्टल निर्माण, अलंकृत दीवार और विद्युतीकरण का काम किया गया है। अटल परिसर में निर्मित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण भी मुख्यमंत्री के हाथों होगा।

इसी तरह 73.22 लाख राशि की लागत से निर्मित वार्ड क्रमांक में मराठी पुत्री शाला भवन में प्रथम तल का लोकार्पण तथा स्मार्ट सिटी अंतर्गत 1000 लाख राशि की लागत से निर्मित इमलीपारा व्यावसायिक काम्पलेक्स एवं 120 लाख राशि से रक्षित आरक्षी केन्द्र बिलासपुर के निर्माण का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री द्वारा अरपा राम सेतु से शनिचरी अरपा तक सड़क, नाला एवं पिचिंग निर्माण, मरीमाई रोड तक सड़क निर्माण, उसलापुर-हॉफा रोड मोड़ तिराहा में भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा निर्माण कार्य एवं चबूतरा निर्माण का भूमिपूजन किया जाएगा।

**स्व. लखीराम स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में सीएम होंगे मुख्य अतिथि**

स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति अखिल भारतीय टीम -20 आमंत्रण क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को फाइनल मैच पुरस्कार वितरण समारोह रघुराज स्टेडियम में होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे। समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू करेंगे।

# दूसरे सबसे बड़े जिले की उपेक्षा, हवाई सुविधाओं में पिछड़ रहा इलाका

**बिलासपुर।** प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े शहर को सर्वसुविधा युक्त एयरपोर्ट और महानगरों तक की सीधी उड़ान के लिए जूझना पड़ रहा है। इसके बजाए सरकारी एयरलाइन्स कंपनी अंबिकापुर को तवज्जो दे रही है। जिससे यहां के हवाई यात्रियों का उपेक्षा का सामना करना पड़ रहा है। हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति ने कहा कि डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी हवाई सुविधा में कमी हो रही है। हवाई सुविधाओं को लेकर सरकारें बिलासपुर को उसका हक नहीं दिला पा रही है। राज्य का दूसरा प्रमुख शहर बिलासपुर है, हाईकोर्ट, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का जोन मुख्यालय, केंद्रीय विश्वविद्यालय, एनटीपीसी, एसईसीएल और कई ऊर्जा संयंत्र मौजूद है, लेकिन इसके बावजूद इसकी लगातार उपेक्षा हो रही है। यह बातें हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के सदस्यों ने कही। सदस्यों ने कहा कि बिलासपुर की हैसियत अंबिकापुर, जगदलपुर से कम आंकी जा रही है। इसका कारण बिलासपुर के लिए चलने वाली अलाइंस एयर की उड़ानों को अंबिकापुर और जगदलपुर से शुरू की गई है। समिति ने कहा कि उन्हें अंबिकापुर और जगदलपुर में हवाई सुविधा विस्तार पत्ति नहीं है बिलासपुर से फ्लाइट और रूट घटाना हवाई यात्रियों के हित में नहीं है। सदस्यों ने कहा कि बिलासपुर की उपेक्षा कर पूरे संभाग को पिछड़ने में राज्य सरकार ढकेल रही हैं। समिति ने कहा कि अब 72 सीटर की जगह बड़े फ्लाइट का संचालन करना ही शहर के हित में होगा, इसके लिए रनवे की लंबाई 1500 मीटर से बढ़ाकर 2500 मीटर की जानी चाहिए। दोनों सरकारें एयरपोर्ट विकास के लिए संयुक्त और समयावधि के बीच काम तभी ही एयरपोर्ट का विकास व विस्तार संभव हो सकेगा।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महाधरना रविवार को जारी रहा इस दौरान अनिल गुलहरे, बद्री यादव, ऋषि राज, मनोज श्रीवास, पारसराम केवट, बद्री प्रसाद, देवेंद्र सिंह, मजहर खान, साबर अली, संतोष पीपलवा, संदीप बाजपेई, रमाशंकर बघेल, प्रकाश बहरानी, प्रतीक तिवारी, और मोहसिन अली उपस्थित थे।



गर्मी के चलते शहर की सड़क पर छाया सन्नाटा।

# बीमार कर रहा मौसम, उमस से परेशान

**बिलासपुर।** एक ओर तेजी से गर्मी बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर आसमान पर बादल भी छाए हुए हैं। इससे गर्मी के साथ उमस लोगों को हलाकान कर रही है। इस मौसम में तेजी से सर्दी, खांसी और बुखार के मरीज बढ़ते जा रहे हैं। मार्च में हर रोज तापमान बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में तापमान 40 डिग्री के करीब है, लेकिन पिछले एक सप्ताह से आसमान पर बादल छाए रहते हैं। किसी समय बादलों की गर्जना सुनाई देती है और हल्की बूंदाबांदी भी हो जाती है। इससे गर्मी के साथ उमस ने लोगों की परेशानियां बढ़ा रखी हैं। गर्मी और उमस से बचने के लिए सभी घरों में एसी और कूलर चालू हो गए हैं, लेकिन इससे सर्दी, खांसी और बुखार का प्रकोप बढ़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम के तेवर कुछ इसी तरह के रहेंगे।




### रेत खदान के विवादित लीज समझौतों के क्रियान्वयन पर रोक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने रेत खदान लीज से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में याचिकाकर्ता को अंतरिम राहत प्रदान करते हुए विवादित लीज समझौतों के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है। मामले में याचिकाकर्ता जे.पी. एसोसिएट्स ने बालोद जिले के ग्राम पंचायत मलाकदोल द्वारा 11 अप्रैल 2025 और 24 नवंबर 2025 को किए गए नए रेत खदान के लीज समझौतों को चुनौती दी थी। एडवोकेट सिद्धार्थ पाण्डेय के माध्यम से पेश याचिका में कहा गया कि, यह समझौते ग्राम सभा की स्वीकृति के बिना किए गए, जबकि पहले से ही 30 जून 2023 को याचिकाकर्ता के पक्ष में 5 वर्ष की वैध लीज मौजूद थी। याचिकाकर्ता का आरोप है कि नए लीज समझौते न केवल अवैध हैं, बल्कि पूर्व लीज को बिना किसी विधिक प्रक्रिया के निरस्त करने के समान हैं। साथ ही, उन्हें रेत खनन कार्य से वंचित कर आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया है। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने प्रथम दृष्टया याचिकाकर्ता के पक्ष में मामला बनता हुआ पाया और अंतरिम आदेश पारित करते हुए 11 अप्रैल 2025 एवं 24 नवंबर 2025 के लीज समझौतों के प्रभाव एवं क्रियान्वयन पर रोक लगा दी। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि अंतिम निर्णय याचिका के अंतिम निपटारे के बाद ही लिया जाएगा। गौरतलब है कि, याचिकाकर्ता ने यह भी तर्क दिया कि, बिना ग्राम सभा की अनुमति के खनन लीज देना कानून और संविधान के प्रावधानों के विरुद्ध है।




भारत रत्न श्रद्धेय
अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा
" अटल परिसर "
का
लोकार्पण
कार्यक्रम
दिनांक- 29 मार्च 2026 | समय- सायं 5 बजे
स्थान-रामसेतु मार्ग,बिलासपुर (छ.ग.)
इस कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित हैं...
विनीत-भारतीय जनता पार्टी, बिलासपुर (छ.ग.)

धर्म-क्षेत्र

## नवमीं पर कन्या पूजन, हवन के बाद जवारा विसर्जन



**बिलासपुर।** मां सतबहनिया महिला सेवा समिति कुदूदण्ड की महिलाओं ने चैत्र नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया। मंदिर में विराजमान दुर्गा मां और मां सतबहनियां दाई की श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई। मनोकामना ज्योति कलश पं. बद्री प्रसाद मिश्रा ने प्रज्ज्वलित किया। सभी सदस्यों ने जवारा बोए। मंदिर में प्रतिदिन सुबह-शाम विधि-विधान से पूजा पाठ पं. बद्री प्रसाद मिश्रा ने करवाया। महिला समिति द्वारा भजन कीर्तन और जसगीत गाया जाता रहा। जवारा विसर्जन के समय जमुना सोनी, सुशीला सोनी, सरिता वासिंग, सहोदया सोनी, किशोरी, सुभ्रा वासिंग, श्यामा उपाध्याय, इंद्राणी गहलोत, आशा दुबे, रीता वासिंग, गंगोत्री निर्मलकर, माधवी मानिकपुरी, काजल, शिवानी कश्यप, सुषमा मराठा, सीमा चौहान, रमा तिवारी, राजकुमारी, अन्नपूर्णा, सीता कश्यप, शिव कुमारी पाठक, रानी सोनी, सुनीता सोनी, सुनीता वासिंग, सीता कश्यप, रूखमणी तिवारी, सरला मानिकपुरी, सहुरमती यादव, सुनीता वासिंग, सीमा चंद्रवंशी, लता चंद्रा, पवन सोनी, ईश्वर सोनी, भोगीराम यादव, बद्री प्रसाद मिश्रा, सुरित राम कश्यप, राधे मरावी, बाबा सोनी एवं समस्त मोहल्ले वालों की उपस्थिति रही ।

कार्यक्रम

## डिस्ट्रिक्ट पिन से सदस्यों का सम्मान लायंस क्लब शक्ति व सृजन की अधिकारिक यात्रा



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर शक्ति व सृजन ने अपनी अधिकारिक यात्रा पूर्ण की। इस दौरान अतिथियों ने अपने उद्बोधन में क्लब द्वारा किए गए सेवा कार्यों की सराहना की। मुख्य अतिथि ने डिस्ट्रिक्ट पिन से सभी का सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीएमजेएफ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजय रेखा अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि प्रथम वाईस डि.ग.एमजेएफ रिपु दमन पुसरी, अतिथि रीजन चेयरपर्सन बी महेश, जोन चेयरपर्सन डॉ अराधना दास व श्वेता शास्त्री थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्जवलन के साथ हुआ। अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। मंच संचालन रोशनी दीक्षित, ध्वज वंदना चित्रा वर्मा, प्रतिवेदन श्वेता शास्त्री व धन्यवाद ज्ञापन अरविन्द वर्मा ने किया। इस मौके पर क्लब के कोषाध्यक्ष बिधुत मण्डल, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन विजय लक्ष्मी, दिव्या सिंह व डॉ पटेल उपस्थित थे।

सम्मेलन

## युवा संगठित होकर समाज हित में करें कार्य : डॉ. पटेल



**बिलासपुर।** हरदिहा मरार पटेल समाज के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन तोरवा पटेल भवन में किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से आए युवाओं ने अपने विचार व सुझाव प्रस्तुत किया एवं समाज के विकास व उन्नति के विषय में सार्थक चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारंभ शाकम्भरी माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। स्वागत नृत्य के रूप में छत्तीसगढ़ का पारंपरिक सुआ नृत्य प्रस्तुत किया गया। डॉ कमल पटेल ने युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में विशेष मेहनत करने का आह्वान किया। उन्होंने नशा मुक्त समाज के निर्माण पर जोर देते हुए युवाओं से संगठित होकर समाज हित में कार्य करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक पटेल, व्याख्याता मनोज, मुरारी, संतोष , बसंत, डॉ दिलदार, विजेंद्र, महेश, विका, शत्रुहन एवं नंदकिशोर पटेल का सहयोग रहा।

# हनुमान जन्मोत्सव पर चालीसा पाठ सहित होंगे विविध आयोजन

अप्रैल माह के 2 तारीख को शहर में हनुमान जन्मोत्सव की धूम रहेगी। इस दिन हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ सहित अन्य विविध आयोजन होंगे। जगह-जगह भोग, भण्डारा रख कर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। मंदिरों को भगवा ध्वज व विद्युत झालरों सो सजाया जाएगा। जन्मोत्सव को लेकर समिति के सदस्यों द्वारा भव्य तैयारियां की जा रही है।





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस साल भी चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मान्यता के अनुसार बजरंगबली अमर हैं और वह आज भी अपने भक्तों की रक्षा के लिए सशरीर पृथ्वी पर मौजूद हैं, इसलिए यह दिन उनके जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस शुभ मौके पर शहर के हनुमान मंदिरों में पूजा-पाठ का भव्य आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्रभु की कृपा पाने के लिए सिंदूर, बूंदी, चोला और बेसन के लड्डू के भोग लगाए जाएंगे। इससे साधक के जीवन में साहस, शक्ति व आत्मविश्वास का संचार भी होता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 1 अप्रैल को सुबह 7:06 बजे शुरू होकर 2 अप्रैल को सुबह 7:41 बजे समाप्त होगी, इसलिए उदया तिथि के अनुसार गुरुवार 2 अप्रैल को ही पर्व मनाया जाएगा। इस दिन भगवान हनुमान की विशेष पूजा की जाती है।

### राम मंदिर में होगा चालीसा का पाठ

राम मंदिर तिलकनगर में नवयुवक कान्य कुब्ज विकास समिति महिला प्रकोष्ठ द्वारा शाम साढ़े 4 बजे हनुमान प्राकट्य उत्सव पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। समिति की किरण बाजपेई ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर उत्सव को भव्य बनाने का आग्रह समिति की सदस्यों से किया है।

### दुग्धाभिषेक कर लगाए जाएंगे 56 भोग

हनुमान मंदिर सेवा समिति तिलकनगर द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव पर 2 अप्रैल को सुबह साढ़े 5 बजे दुग्धाभिषेक, साढ़े 7 बजे श्रृंगार आरती, सुबह 10 से 2 बजे तक भण्डारा प्रसाद, शाम 4 बजे सामूहिक संगीतमयी सुंदरकाण्ड का पाठ, शाम साढ़े 7 बजे महाआरती कर 56 भोग लगाए जाएंगे। प्रसाद वितरण के बाद भजन संध्या आयोजित की जाएगी। दूसरे दिन शुक्रवार 3 अप्रैल, तीसरे दिन शनिवार 4 अप्रैल को शाम को आरती कर प्रसाद बांटे जाएंगे। रविवार 5 अप्रैल को शाम साढ़े 7 बजे आरती, 8 बजे प्रसाद वितरण एवं रात्रि 9 बजे हनुमान सहस्रनाम से सामूहिक हवन किए जाएंगे।

### रामसेतु चौक में होगा दो दिवसीय आयोजन

श्री हनुमान सेवा समिति व मित्रगण रामसेतु चौक सरकंडा द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर दो दिवसीय आयोजन रखा गया है। पहले दिन 2 अप्रैल को शाम 5 बजे से सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ, श्री राम स्तुति महापाठ कर पौने 8 बजे महाआरती की जाएगी। सवा 8 बजे से भोजन प्रसाद का वितरण किया जाएगा। दूसरे दिन शुक्रवार 3 अप्रैल को सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ, श्री राम स्तुति महापाठ कर हनुमानजी की महाआरती की जाएगी। रात्रि 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। रात्रि 9 बजे से पं. सुधीर व्यास द्वारा भगवान हनुमान पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि आयोजन का यह 10 वां वर्ष है। सभी कार्यक्रम श्री हनुमान मंदिर प्रांगण रामसेतु चौक सरकंडा में संपन्न होंगे।

## वैदिक मंत्रोच्चार से हुआ राज्याभिषेक



## महिलाओं ने की सामूहिक कुमकुम पूजा



**बिलासपुर।** श्री रामनवमीं महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को महिलाओं ने सामूहिक कुमकुम पूजा की। इसमें सौ महिलाओं ने भाग लिया। शाम को दैनिक पूजा के बाद राज्याभिषेक किया गया। जिसमें दक्षिण भारतीय परंपरानुसार वैदिक मंत्रोच्चार हुआ। राज्याभिषेक के दौरान प्रसाद वितरण होता रहा। जिसमें एक हजार से अधिक भक्त शामिल हुए।

## मां शारदा भवानी मंदिर में कराया कन्या भोज





वेयर हाउस रोड सिंधी कालोनी स्थित वन परिसर में नवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को कन्या भोज कराया गया। इस अवसर पर सुबह से ही माता के दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। इस दौरान कन्या भोजन कराया गया। नन्हीं बालिकाओं के पैर में महउर लगाया गया। माथे पर तिलक लगाकर उनकी पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना कर उन्हें आवश्यक दान स्वरूप भेंट कपड़ा पैसे और फल दान किए गए। भक्तों ने आशीर्वा लिया। तत्पश्चात यहां भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें सुबह 11 बजे से देर शाम तक लोगों ने माता का प्रसाद ग्रहण किया। ममता राजपूत, मंजूला वस्त्रकार, आकृति, मधु शर्मा, किरण केंवट, मीना मिश्रा, गौरी, दीपप्रकाश, संतोष ध्रुव, हनुमान, रंजीत, रघु, गंगोत्री व वन कर्मचारियों का पूरा सहयोग रहा।

## नगोई में सामूहिक व्रतबंध संस्कार, बटुकों की शोभायात्रा आज



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण विप्र संघ खारंग परिक्षेत्र द्वारा परशुराम सामुदायिक भवन नगोई में आयोजित सामूहिक व्रतबंध संस्कार का शुभारंभ शनिवार को मण्डपाच्छादन, वास्तुपूजन, तेल हल्दी, देवतला एवं मातृकापूजन से किया गया। द्वितीय दिवस रविवार 29 मार्च को हरदियाही, चिकट, जनेऊ संस्कार कर बटुकों की शोभायात्रा निकाली जाएगी। वार्षिक सम्मलेन आयोजित कर प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। जिसमें विशेष रूप से सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा की उपस्थिति रहेगी। खारंग परिक्षेत्र में आने वाले गांवों के विप्रजन भी उपस्थित होकर बटुकों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

## मसीही समाज का पाम संडे सेलीब्रेशन आज, निकाला जाएगा जुलूस



**बिलासपुर।** शहर की मसीहीजनों द्वारा रविवार 29 मार्च को खजूर का रविवार जिसे पाम संडे कहा जाता है, बड़े उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान एक जुलूस निकाला जाएगा। इसमें सभी लोग हाथ में खजूर की डालियां लेकर यीशु के जयकारे करते एवं मसीह गीत गाते हुए चर्च भवन में प्रवेश करेंगे।

समाज के लोगों ने बताया कि आज से लगभग 2026 साल पहले प्रभु यीशु मसीह का जेरूसलेम के मंदिर में विजय प्रवेश हुआ था। लोगों ने खजूर की डालियां लेकर यीशु का स्वागत किया था। अपने-अपने वस्त्र मार्ग में बिछाए। खजूर की डॉलिया काटकर मार्ग में फैलाए। यीशु मसीह ने गधे के बच्चे पर सवार होकर मंदिर में प्रवेश किया था। चर्च ऑफ ख्राईष्ट सीएमडी चौक निर्वाचित प्राचीन समिति में पास्टर सुदेश पॉल के नेतृत्व में पाम संडे का जुलूस तारबाहर मसीह टेंट हाउस से आराधना स्थल सीएमडी चौक तक निकाला जाएगा । इसमें चर्च के लोग भारी संख्या में भाग लेंगे। जुलूस में शामिल सभी लोगों का स्वागत किया जाएगा। रास्ते भर फ्रुटी, केक, शरबत, फल, लस्सी, चॉकलेट बॉटे जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने विल्सन जॉन मसीह, प्रवीण जैसल, शामुएल वालेस, सनीजॉन, अरविंद कुमार, अनूप लवंग, राकेश पॉल, अजय सिंह, विवेक पॉल सहित अन्य मसीहीजन सक्रिय हैं।

# स्व. लखीराम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज, सीएम होंगे मुख्य अतिथि



स्पोर्टर्स न्यूज

**बिलासपुर।** स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति अखिल भारतीय टीम -20 आमंत्रण क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को फाइनल मैच पुरस्कार वितरण समारोह रघुराज स्टेडियम में होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे। समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू करेंगे। 21 मार्च से शुरू हुए टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच छत्तीसगढ़ ने जीता है और फाइनल में जगह बना ली है। आज दूसरा सेमीफाइनल मैच दिल्ली और खड़गपुर की टीम के बीच खेला गया जो टीम इसमें से जीतेगी फाइनल में छत्तीसगढ़ के साथ खेलेंगी । रविवार को रघुराज स्टेडियम में शाम 6 बजे फाइनल मैच प्रारंभ होगा।

आज दूसरे सेमीफाइनल मैच में मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर राजेश चौहान, एस ईसीएल के डायरेक्टर पर्सनल वीरांची दास,सीए सुरेंद्र अग्रवाल,चंद्रप्रभा गुप्ता ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया ।आज आज रघुराज स्टेडियम में आयोजन समिति के प्रमुख प्रवीण दुबे, राजेंद्र भंडारी, सुशांत राय ,संतोष साहू, गोविंद माधव गुप्ता, अजय कापसे , चंद्रप्रभा गुप्ता, सुरेश पांडे पूर्व महापौर किशोर राय, राजेश सिंह बिसेन, यतीश गोयल हिरदेश केसरी,ने भारतीय टीम के सदस्य राजेश चौहान का स्वागत किया। आयोजन समिति के प्रमुख प्रवीण दुबे ने बताया कि रविवार को शाम 6 बजे फाइनल होगा। जिसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव शामिल होंगे। समापन समारोह में लोगों की सुविधा के लिए दर्शकों तथा खेल प्रेमियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था अलग से की गई है। बलराज पेट्रोल पंप, मौसा जी केक एंड बेक के बगल में समिति के द्वारा वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

## एलसीआईटी कॉलेज की छात्रा अनुष्का ने जीते तीन सिल्वर मैडल



एलसीआईटी कॉलेज आफ कामर्स एंड साइस की छात्रा और तैराक अनुष्का भगत ने प्रथम खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स तैराकी प्रतियोगिता में चार सिल्वर मैडल प्राप्त किया है। महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की छत्तीसगढ़ शासन खेल एंव युवा कल्याण विभाग रायपुर छत्तीसगढ़ की मेजबानी मे खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 का आयोजन किया 25 मार्च से 3 अप्रैल तक किया जा रहा है, जिसमें तैराकी प्रतियोगिता 25 से 27 मार्च तक आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुवे एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस की तैंराक अनुष्का भगत बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा ने पहले दिन 100 मीटर ब्रेथ स्ट्रोक मे सिल्वर मैडल, दूसरे दिन 200 मीटर व्यक्तिगत मिडले तैराकी मे सिल्वर मैडल व अंतिम दिवस 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक मे सिल्वर मैडल जीतकर पदको की हैट्रिक लगाई है। इसके बाद शनिवार को अनुष्का ने 50 मीटर बैक स्ट्रोक में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फिर सिल्वर मैडल जीता। अनुष्का का मुख्य इवेंट 50 मीटर बेस्ट स्ट्रोक 27 को इंटरनेशनल तरणताल रायपुर मे आयोजित था। इसमे गोल्ड मेडल जितने की प्रबल दावेदार थी, लेकिन सिल्वर मेडल से ही संतुष्ट होना पड़ा। इससे पहले भी अनुष्का ओपन तैराकी प्रतियोगिता मे गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। अनुष्का प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स मे छत्तीसगढ़ को पहला पदक के साथ ही साथ पदको की हैट्रिक जीतने वाली पहली महिला खिलाडी बनी हैं। इनके मैडल जितने पर प्रमोद कुमार जैन, अंकित जैन, डॉ. अर्चना शुक्ला, डॉ. शुभी श्रीवास्तव, डॉ. रितेश जैन, डॉ. संदीप गुप्ता अभिनव पाल, अभिषेक केशरवानी, उमेश पटनायक, डॉ. अंकुर श्रीवास्तव, आदिल डल्ला, रामलोचन शर्मा, शिवशंकर गुप्ता, मनीष सिन्हा, इंजमाम, नीरज सोनी व संजय सेन्द्रे, बद्री प्रसाद गुर्जर सतीश सिंह ठाकुर, अमरनाथ सिंह आदि ने शुभकामनाएं दी।

## डिपार्टमेंट उन्नति कप क्रिकेट टूर्नामेंट में बिलासपुर पुलिस की टीम अगले राउंड में



डिपार्टमेंटल उन्नति कप क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले दिन बिलासपुर पुलिस सहित अन्य विभागों की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है। गोव्हर्मेंट स्कूल के मिनी स्टेडियम में चल रही फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के ओपनिंग में काली पट्टी लगाकर व्यायाम शिक्षक संघ के सचिव स्व. राकेश बाटवे के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि दी गई। दूसरे दिन मिनी स्टेडियम में रोमांचक मुकाबलों की झड़ी लगी रही। शिक्षा विभाग, पुलिस प्रशासन और बैंकिंग क्षेत्र की टीमों के बीच हुए कड़े संघर्ष में खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। पहला मैच एजुकेशन इलेवन कोरबा और बेमेतरा गुरुजी इलेवन के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोरबा की टीम ने 106 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में बेमेतरा की टीम मात्र 60 रनों पर सिमट गई। कोरबा ने 45 रनों से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच का खिताब कप्तान वेद शर्मा को प्रदान किया गया। दूसरे मैच में जांजगीर जेल ने 70 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रोमांचक मोड़ पर 5 गेंद शेष रहते जीत हासिल की। शानदार गेंदबाजी के लिए हेमलाल को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिया गया। तीसरे मैच में एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग बिलासपुर को हराते हुए कोरबा एजुकेशन ने टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत पक्की की। वेद शर्मा ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 गेंद में 32 रन बनाए और 2 विकेट झटके, जिसके लिए उन्हें पुनः मैन ऑफ द मैच दिया गया। चौथे मैच में बिलासपुर पुलिस के बल्लेबाज तदबीर ने मैदान के चारों ओर चौके-छक्कों की बरसात करते हुए 54 रनों की आतिशी पारी खेली। पुलिस टीम ने 133 रनों का विशाल लक्ष्य रखा, जिसका पीछा करते हुए जांजगीर जेल की टीम मात्र 63 रनों पर ढेर हो गई।

## विशेषज्ञों की सलाह : हड़बड़ाहट में पैसा न निकालें, निवेश बनाएं रखें, एसआईपी में बढ़ा सकते हैं निवेश

# बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच शांति व धैर्य जरूरी



**निवेश मंत्रा**

बिजनेस डेस्क

**निवेशकों के बीच असमंजस और चिंता का माहौल, कई लोग बाजार की गिरावट देखकर जल्दबाजी में अपने निवेश को निकालने का कर रहे विचार**

*ऐसे समय में धैर्य खोना निवेशकों के लिए नुकसान का कारण बन सकता है। इसलिए संयम से काम लें और निवेश बनाएं रखें। लंबी अवधि में निवेश आपको फायदा देकर ही जाएगा।*

वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव खासतौर पर अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी टकराव का असर अब दुनियाभर के शेयर बाजारों पर साफ नजर आने लगा है। लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव के कारण निवेशकों के बीच असमंजस और चिंता का माहौल है। कई लोग बाजार की गिरावट देखकर जल्दबाजी में अपने निवेश को निकालने का विचार कर रहे हैं। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे समय में घबराने की बजाय संयम और समझदारी से काम लेना ही सबसे बेहतर रणनीति होती है। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजार के फंडामेंटल्स मजबूत हैं और लंबी अवधि के निवेशकों को आगे चलकर इसका फायदा मिल सकता है। निवेशक चाहें तो एसआईपी में निवेश बढ़ा सकते हैं, चूंकि लंबी अवधि में इसका लाभ मिलेगा। यह गिरावट कुछ समय के लिए हो सकती है। इसलिए लंबी अवधि का लक्ष्य लेकर शांति और धैर्य के साथ निवेश करते जाएं। बाजार के जानकारों ने निवेशकों को स्पष्ट संदेश दिया है कि बाजार में गिरावट के दौरान जल्दबाजी में शेयर बेचना नुकसानदेह हो सकता है। उनका कहना है कि वर्तमान में जो उतार-चढ़ाव दिखाई दे रहा है, वह केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक ट्रेंड है। दुनिया के कई बड़े बाजारों में 7% से 10% तक की गिरावट देखी जा रही है, जो असामान्य नहीं बल्कि बाजार की सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है। शेयर बाजार हमेशा सीधी रेखा में नहीं चलता। इसमें उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, और यही इसकी प्रकृति है।



### लंबी अवधि का नजरिया सफलता की कुंजी

विशेषज्ञों का मानना है कि शेयर बाजार में सफलता का सबसे बड़ा मंत्र है। लंबी अवधि का नजरिया। जब कोई निवेशक किसी कंपनी के शेयर खरीदता है, तो वह उस कंपनी के भविष्य में निवेश कर रहा होता है। ऐसे में रोजाना के उतार-चढ़ाव पर ध्यान देना जरूरी नहीं होता। अगर निवेशक 5 से 10 साल के दृष्टिकोण से निवेश करते हैं, तो बाजार के अस्थायी उतार-चढ़ाव का असर कम हो जाता है और बेहतर रिटर्न मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इतिहास भी यही बताता है कि लंबे समय तक बाजार में बने रहने वाले निवेशकों को अक्सर अच्छा लाभ मिला है।

### भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत

- भले ही बाजार में अल्पकालिक गिरावट देखने को मिल रही हो, लेकिन भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हुई है।
- देश की जीडीपी ग्रोथ दर स्थिर और सकारात्मक बनी हुई है
- महंगाई नियंत्रण में है, औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि हो रही है
- बिजली खपत और इंफ्रास्ट्रक्चर गतिविधियों में तेजी है
- ये सभी संकेत बताते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार मजबूत है। यही कारण है कि लंबे समय में बाजार की दिशा सकारात्मक रहने की उम्मीद की जाती है।
- भारत का शेयर बाजार भी लगातार विस्तार कर रहा है। निवेशकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और नए आईपीओ की भरमार इस बात का संकेत है कि बाजार पर लोगों का भरोसा कायम है।

### एसआईपी से अस्थिरता में अवसर

- बाजार की गिरावट को अक्सर लोग नकारात्मक रूप में देखते हैं, लेकिन समझदार निवेशक इसे अवसर के रूप में भी देखते हैं।
- सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए निवेश करने वालों के लिए यह समय और भी फायदेमंद हो सकता है।
- गिरावट के समय कम कीमत पर यूनिट्स मिलती हैं
- औसत लागत कम होती है
- लंबे समय में बेहतर रिटर्न की संभावना बढ़ती है
- विशेषज्ञों का मानना है कि जो निवेशक अपनी एसआईपी को जारी रखते हैं या उसमें बढ़ोतरी करते हैं, वे बाजार की अस्थिरता का लाभ उठा सकते हैं।

### धैर्य और अनुशासन ही निवेश की असली ताकत

- शेयर बाजार में सफल होने के लिए केवल सही स्टॉक चुनना ही काफी नहीं होता, बल्कि सही व्यवहार और मानसिकता भी जरूरी होती है।
- हर गिरावट पर घबराना नुकसानदायक हो सकता है
- बार-बार खरीद-बिक्री से लागत बढ़ती है
- भावनात्मक फैसले अक्सर गलत साबित होते हैं
- इसलिए निवेशकों को चाहिए कि वे अपने वित्तीय लक्ष्यों के अनुसार योजना बनाएं और उसी पर टिके रहें।
- धैर्य और अनुशासन ही वे दो गुण हैं, जो लंबे समय में निवेशकों को सफलता दिलाते हैं।

### वैश्विक संकट का असर

- वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता का माहौल है। युद्ध, आर्थिक नीतियों में बदलाव और अन्य अंतरराष्ट्रीय घटनाएं बाजार को प्रभावित करती हैं, लेकिन यह भी सच है कि बाजार इन परिस्थितियों से उबरने की क्षमता रखता है। इतिहास गवाह है कि हर बड़े संकट के बाद बाजार ने वापसी की है और नए उच्च स्तर भी हासिल किए हैं। ऐसे में निवेशकों को यह समझना जरूरी है कि मौजूदा गिरावट स्थायी नहीं है।

### संयम रखें, रणनीति पर टिके रहें

- बाजार में उतार-चढ़ाव निवेश का स्वाभाविक हिस्सा है
- घबराकर निवेश निकालना अक्सर नुकसानदायक होता है
- लंबी अवधि का नजरिया और अनुशासन जरूरी है
- एसआईपी जैसे विकल्प अस्थिरता में भी अवसर देते हैं
- निवेश एक लंबी यात्रा है, जिसमें धैर्य और समझदारी सबसे बड़े साथी होते हैं। मौजूदा परिस्थितियों में घबराने के बजाय शांत रहकर अपनी रणनीति पर टिके रहना ही सही निर्णय साबित हो सकता है।



# सिप+हिप+ टिप पैसा बनाने के साथ देते हैं लाइफ और सुरक्षा

सुझाव | बिजनेस डेस्क

आज के समय में केवल कमाई करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उस कमाई को सही दिशा में लगाना, सुरक्षित रखना और भविष्य के लिए बढ़ाना भी उतना ही जरूरी हो गया है। महंगाई, बढ़ते मेडिकल खर्च और जीवन की अनिश्चितताओं के बीच एक संतुलित वित्तीय योजना ही आपको मजबूत बना सकती है। यही कारण है कि 2026 में सिप, हिप और टिप का कॉम्बिनेशन स्मार्ट निवेशकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। यह तीनों मिलकर आपकी वेल्थ, हेल्थ और सिक्योरिटी तीनों को संतुलित करते हैं। इसलिए निवेशक इन्हें अपनाकर अपाना भविष्य सरक्षित कर सकते हैं।

### क्यों जरूरी है तीनों का कॉम्बो?

- आज की आर्थिक परिस्थितियों में एक ही विकल्प पर निर्भर रहना जोखिम भरा हो सकता है।
- महंगाई लगातार बढ़ रही है
- हेल्थकेयर खर्च तेजी से बढ़ रहे हैं
- जीवन में अनिश्चितता हमेशा बनी रहती है
- ऐसे में एक ऐसा प्लान जरूरी है, जो हर स्थिति में आपका साथ दे। सिप, हिप और टिप का कॉम्बो आपकी आय को बढ़ाने, बचाने और सुरक्षित रखने का संतुलन बनाता है। यही एक समझदार निवेशक की पहचान भी है।

### सिपः छोटे निवेश से बड़ा फंड का फॉर्मूला

सिटेमैटिक प्लान यानी सिप हर महीने थोड़ी-थोड़ी रकम निवेश करने की रणनीति, जो समय के साथ बड़ा फंड तैयार करती है। इसमें आप 500 रुपये, 1000 रुपये या 5000 रुपये जैसी छोटी रकम से भी शुरुआत कर सकते हैं। सबसे बड़ी ताकत है "कंपाउंडिंग" यानी आपके पैसे पर भी पैसा बनना।

- लंबी अवधि में 10–12% तक रिटर्न की संभावना
- मार्केट के उतार-चढ़ाव का औसत असर
- अनुशासित निवेश की आदत
- जितना लंबा समय, उतना बड़ा फंड यही सिप की खासियत है। इसलिए इसे लॉन्ग टर्म वेल्थ क्रिएशन का सबसे भरोसेमंद तरीका माना जाता है।

### हिप : आपकी सेविंग्स का बॉडीगार्ड

हेल्थ इंश्योरेंस प्लान यानी हिप को अक्सर लोग खर्च समझ लेते हैं, जबकि असल में यह आपकी बचत की सुरक्षा करता है। आज के दौर में एक गंभीर बीमारी या मेडिकल इमरजेंसी कुछ ही दिनों में लाखों रुपये खर्च करा सकती है। ऐसे में अगर आपके पास हेल्थ इंश्योरेंस नहीं है, तो आपकी सालों की जमा पूंजी खत्म हो सकती है। ऐसे में हेल्थ इंश्योरेंस आपकी संभाल करता है। इसलिए इसे लेना न भूलें। से अपातकालीन हालात में आपकी रक्षा करता है।

- अस्पताल का खर्च बीमा कंपनी उठाती है
- आपकी सेविंग्स और निवेश सुरक्षित रहते हैं
- मानसिक तनाव कम होता है
- विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि हर व्यक्ति को अपनी सालाना आय के कम से कम 50% के बराबर हेल्थ कवर जरूर लेना चाहिए। यानी अगर आपकी सालाना आय 10 लाख रुपये है, तो कम से कम 5 लाख का हेल्थ इंश्योरेंस होना चाहिए।

### टिप : परिवार की आर्थिक सुरक्षा की ढाल

- टर्म इंश्योरेंश प्लान यानी आपके परिवार के लिए सबसे मजबूत वित्तीय सुरक्षा कवच माना जाता है। जीवन अनिश्चित है, और अगर कमाने वाले व्यक्ति के साथ कुछ अनहोनी हो जाए, तो परिवार पर आर्थिक संकट आ सकता है। ऐसे में टर्म इंश्योरेंस परिवार को आर्थिक सहारा देता है।
- कम प्रीमियम में बड़ा कवरेज
- परिवार के खर्च, बच्चों की पढ़ाई व लोन की सुरक्षा
- लंबी अवधि के लिए मानसिक शांति
- उदाहरण के तौर पर, 30 साल की उम्र में करीब 1 करोड़ रुपये का टर्म प्लान सालाना 10,000–12,000 रुपये में मिल सकता है। यह छोटी सी लागत आपके परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाती है।

### तीनों का संतुलन ही असली प्लानिंग

सिप, हिप और टिप तीनों अलग-अलग जरूरतों को पूरा करते हैं, लेकिन जब इन्हें एक साथ अपनाया जाता है, तो यह एक मजबूत वित्तीय ढांचा तैयार करते हैं।

## टैक्स बचाने और बचत सुरक्षित रखने की यह है मास्टर प्लानिंग

# एजुकेशन लोन अब बोझ नहीं बन सकेगा स्मार्ट इन्वेस्टमेंट

जानकारी | बिजनेस डेस्क

*"अगली बार जब एजुकेशन लोन लेने का विचार आए, तो इसे बोझ नहीं, बल्कि अपने उज्जवल भविष्य में किया गया एक समझदारी भरा निवेश मानें।*

आज के समय में उच्च शिक्षा का खर्च लगातार बढ़ रहा है। इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट या विदेश में पढ़ाई हर क्षेत्र में फीस लाखों से लेकर करोड़ों तक पहुंच चुकी है। ऐसे में अधिकांश छात्र और अभिभावक एजुकेशन लोन को एक मजबूरी या बोझ के रूप में देखते हैं। लेकिन वित्तीय विशेषज्ञों की मानें, तो सही योजना और समझदारी के साथ लिया गया एजुकेशन लोन एक लायबिलिटी नहीं, बल्कि एक मजबूत निवेश साबित हो सकता है, जो आपके भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित बनाने में मदद करता है।

एजुकेशन लोन का सबसे बड़ा फायदा टैक्स बचत के रूप में मिलता है। इनकम टैक्स एक्ट की धारा सेक्शन 80ई के तहत, लोन पर चुकाए गए ब्याज पर पूरी तरह टैक्स छूट मिलती है। इसका मतलब यह है कि आप जितना ब्याज चुकाते हैं, उतनी ही आपकी टैक्सेबल इनकम कम हो जाती है। खास बात यह है कि इस छूट की कोई ऊपरी सीमा नहीं होती। यह सुविधा लोन चुकाना शुरू करने के बाद अधिकतम 8 वर्षों तक मिलती है।यानी आप पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी शुरू करते ही टैक्स बचत का लाभ उठा सकते हैं, जिससे आपकी कुल वित्तीय योजना और मजबूत हो जाती है।



### आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास

एजुकेशन लोन का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह छात्रों को आत्मनिर्भर बनाता है। जब छात्र अपनी पढ़ाई का खर्च खुद उठाते हैं, तो उनमें जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। वे अपने करियर को लेकर अधिक गंभीर होते हैं और नौकरी मिलने के बाद अपने वित्तीय लक्ष्यों को लेकर सजग रहते हैं। यह अनुभव उन्हें जीवनभर काम आता है और आर्थिक रूप से मजबूत बनाता है।

### समझदारी से लिया गया कर्ज, भविष्य की ताकत

एजुकेशन लोन को केवल कर्ज के रूप में देखना एक अधूरी सोच है। सही रणनीति के साथ यह एक ऐसा वित्तीय टूल बन सकता है, जो न केवल आपकी शिक्षा का रास्ता आसान करता है, बल्कि टैक्स बचत, क्रेडिट स्कोर सुधार और निवेश सुरक्षा के जरिए आपके भविष्य को भी मजबूत बनाता है।

### क्रेडिट स्कोरः मजबूत आर्थिक पहचान की शुरुआत

युवाओं के लिए एजुकेशन लोन सिर्फ पढ़ाई का जरिया नहीं, बल्कि उनके वित्तीय जीवन की पहली सीढ़ी भी होता है। जब कोई छात्र समय पर अपनी ईएमआई भरता है, तो उसका क्रेडिट स्कोर मजबूत होता है। यह स्कोर भविष्य में होम लोन, कार लोन या बिजनेस लोन लेने में बेहद अहम भूमिका निभाता है। अच्छा क्रेडिट स्कोर होने से न केवल आसानी से लोन मिलता है, बल्कि कम ब्याज दर पर भी लोन मिल सकता है। इसके अलावा, खुद की पढ़ाई का खर्च उठाने से छात्रों में जिम्मेदारी और वित्तीय अनुशासन विकसित होता है, जो लंबे समय में उनके करियर और जीवन दोनों के लिए फायदेमंद साबित होता है।

### निवेश की सुरक्षाः बचत को बढ़ने का मौका

अक्सर देखा जाता है कि माता-पिता बच्चों की पढ़ाई के लिए अपनी जीवनभर की बचत—जैसे फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी), पीएफ या रिटायरमेंट फंड तोड़ देते हैं। यह निर्णय भावनात्मक रूप से सही लग सकता है, लेकिन वित्तीय दृष्टि से हमेशा लाभकारी नहीं होता। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इन बचतों को बाजार में निवेशित रहने दिया जाए, तो वे 12% से 15% तक का रिटर्न दे सकती हैं। वहीं, एजुकेशन लोन की ब्याज दरें अपेक्षाकृत कम होती हैं और कई मामलों में सरकारी सब्सिडी भी मिलती है। इस तरह लोन लेकर आप अपनी पूंजी को सुरक्षित रखते हुए उसे कंपाउंडिंग के जरिए बढ़ने का मौका देते हैं। यह रणनीति लंबे समय में अधिक लाभदायक साबित हो सकती है।

### सही योजना जरूरी

- लोन लेने से पहले कोर्स और उसके करियर स्कोप का आकलन करें
- ब्याज दर और शर्तों की तुलना करें
- समय पर ईएमआई चुकाने की योजना बनाएं
- अनावश्यक रूप से अधिक कर्ज लेने से बचें



# रिटायरमेंट के करीब हैं तो कर लें ये जरूरी काम

हर व्यक्ति की ख्वाहिश होती है कि वह रिटायरमेंट के बाद की जिंदगी बिना तनाव और आर्थिक चिंता के सुकून से बिताए। लेकिन यह तभी संभव है, जब समय रहते सही वित्तीय योजना बनाई जाए। अक्सर लोग नौकरी के दौरान तो बचत और निवेश करते हैं, लेकिन रिटायरमेंट के बिल्कुल करीब आकर कई जरूरी पहलुओं को नजरअंदाज कर देते हैं। अगर आपकी रिटायरमेंट अब ज्यादा दूर नहीं है, तो यह समय बेहद अहम है। इस दौरान लिए गए सही फैसले आपके आने वाले जीवन को सुरक्षित और संतुलित बना सकते हैं। आइए जानते हैं ऐसे 5 जरूरी वित्तीय काम, जिन्हें रिटायरमेंट से पहले जरूर पूरा कर लेना चाहिए।

### 1. कुल बचत और आय का सही आकलन करें

रिटायरमेंट के करीब पहुंचते ही सबसे पहले अपनी वित्तीय स्थिति का स्पष्ट आकलन करना जरूरी है। इसमें आपकी सेविंग्स, पेंशन, पीएफ, ग्रेच्युटी और अन्य निवेश शामिल होने चाहिए। इसके साथ ही पिछले कुछ वर्षों के खर्च का विश्लेषण करें और यह समझें कि रिटायरमेंट के बाद आपकी मासिक जरूरतें कितनी होंगी। महंगाई को ध्यान में रखते हुए भविष्य के खर्च का अनुमान लगाना भी बेहद जरूरी है।

### 2. गैर-जरूरी खर्चों पर लगाएं लगाम

रिटायरमेंट के बाद नियमित आय सीमित हो जाती है, इसलिए खर्चों पर नियंत्रण बेहद जरूरी हो जाता है। ऐसे में अपनी वर्तमान जीवनशैली का मूल्यांकन करें और फिजूल खर्चों को कम करने की आदत डालें। इसके अलावा, रिटायरमेंट के बाद नए कर्ज लेने से बचें। क्रेडिट कार्ड का अत्यधिक उपयोग भी भविष्य में आर्थिक दबाव बढ़ा सकता है। बेहतर होगा कि आप अपने सभी पुराने कर्ज समय रहते खत्म कर लें, ताकि रिटायरमेंट के बाद किसी तरह की वित्तीय बाधा न आए।

### 3. निवेश को विविध बनाएं

एक ही जगह निवेश करना हमेशा जोखिम भरा होता है। इसलिए अपनी बचत को अलग-अलग निवेश विकल्पों में बांटना समझदारी भरा कदम है। रिटायरमेंट से पहले आप अपने पोर्टफोलियो की समीक्षा करें और जरूरत के अनुसार बदलाव करें। सुरक्षित विकल्पों जैसे फिक्स्ड डिपॉजिट, पेंशन स्कीम या सीनियर सिटिजन सेविंग्स स्कीम में निवेश बढ़ाया जा सकता है, जबकि कुछ हिस्सा ऐसे निवेश में रखें जो महंगाई को मात दे सके। विविध निवेश से जोखिम कम होता है और रिटर्न संतुलित रहता है।

### 4. हेल्थ प्लान और मेडिकल फंड तैयार रखें

रिटायरमेंट के बाद स्वास्थ्य सबसे बड़ी प्राथमिकता बन जाता है। उम्र बढ़ने के साथ मेडिकल खर्च भी तेजी से बढ़ते हैं, इसलिए एक मजबूत हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी होना बेहद जरूरी है। यदि आपके पास पहले से हेल्थ इंश्योरेंस है, तो उसकी कवरेज की समीक्षा करें और जरूरत के अनुसार बढ़ाएं। इसके साथ ही एक अलग इमरजेंसी मेडिकल फंड बनाना भी समझदारी है, ताकि अचानक आने वाले खर्चों से आपकी बचत पर ज्यादा असर न पड़े।

### 5. पैसे निकालने की रणनीति बनाएं

रिटायरमेंट के बाद सबसे बड़ी चुनौती होती है। बचत को लंबे समय तक कैसे चलाया जाए। इसके लिए पहले से ही एक स्पष्ट रणनीति बनाना जरूरी है। आपको यह तय करना चाहिए कि हर महीने कितनी राशि निकालनी है, किन निवेशों से पैसे निकालने हैं और किन्हें लंबे समय तक बने रहने देना है। सिस्टमेटिक विड्रॉल प्लान जैसे विकल्प इस मामले में मददगार हो सकते हैं। सही योजना के साथ आप अपने फंड को लंबे समय तक सुरक्षित रख सकते हैं और नियमित आय का प्रवाह बनाए रख सकते हैं।

## उठापटक वाले बाजार में मल्टी एसेट फंड है बेहतर विकल्प

# एक ही एसआईपी से स्टॉक्स, गोल्ड व बॉन्ड में निवेश

पश्चिम एशिया में जारी जंग को एक माह हो गया है। इस दौरान बाजार में उठा-पटक जोरदार है। तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। बाजार दवाब में हैं। सोना और चांदी पहले चमके, फिर गिरे। बॉन्ड्स ने कुछ राहत दी है और जो निवेशक सिर्फ एक जगह पैसा लगाए बैठे थे, वो सबसे ज्यादा नुकसान में हैं। यही वो वक्त है जब एक पुरानी बात फिर साबित होती है कि किसी एक एसेट पर निर्भर नहीं रहना चाहिए फिर चाहे वो इक्विटी हो, डेट हो या सोना, लेकिन एक व्यक्ति कहां-कहां निवेश करे? आम निवेशक के पास क्या विकल्प हैं? इसलिए एक ऐसा निवेश का ऑप्शन आपकी सभी जरूरतों को पूरा कर सकता है। आप बस हर महीने पैसा डालते रहो और आपका पैसा हर जगह निवेश होता रहेगा। फिर शेयर हो या सोना। एसेट अलोकेशन का मतलब होता है कि आप अपना पैसा कहां-कहां डाल रहे हैं और इसका सबसे आसान रास्ता है मल्टी एसेट्स एलोकेशन फंड। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों, राजनीतिक अनिश्चितता और वैश्विक महंगाई के दबाव को देखते हुए निवेशकों को मल्टी-एसेट रणनीति को प्राथमिकता देनी चाहिए, क्योंकि विविधीकरण (डाइवर्सिफिकेशन) अशांत समय में जोखिम को कम करने में मदद करता है।

*वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों में अमेरिका-इजराइल-ईरान संघर्ष, वैश्विक महंगाई का दबाव और राजनीतिक अनिश्चितता शामिल हैं। इनको देखते हुए निवेशकों को मल्टी-एसेट रणनीति अपनानी चाहिए। । ऐसे माहौल में मल्टी-एसेट फंड निवेशकों के लिए एक आदर्श विकल्प बन जाते हैं, क्योंकि ये इक्विटी, डेट, कमोडिटी और कीमती धातुओं में निवेश का अवसर देते हैं। मल्टी-एसेट फंड ऑटोमैटिक रीबैलेंसिंग, प्रोफेशनल मैनेजमेंट और डायनेमिक एसेट एलोकेशन प्रदान करते हैं, जो खासतौर पर अधिक अस्थिरता के समय में उपयोगी होता है। साथ ही यह समय अत्यधिक आक्रामक होने का नहीं है, बल्कि एक संतुलित और विविधीकृत पोर्टफोलियो बनाए रखने का है, जो झटकों को सह सके और संभावित बढ़त में भी भाग ले सके।*

### केवल फंड स्तर पर विविधीकरण सही नहीं

विशेषज्ञों के अनुसार पिछले दिनों वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और केंद्रीय बैंकों की खरीदारी के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई है। चांदी को औद्योगिक मांग और कीमती धातु के रूप में उसकी पारंपरिक भूमिका दोनों का लाभ मिला है, जबकि इक्विटी बाजार उच्च विदेशी निवेश (एफआईआई इनफ्लो), मजबूत आय संभावनाओं और मैक्रो स्थिरता के कारण अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। इन सकारात्मक रुझानों के कारण इस श्रेणी ने निवेशकों को आकर्षित किया। लेकिन, अब हालात बदल चुके हैं। सोना और चांदी अपने उच्चतम स्तर से काफी नीचे आ चुके हैं। ऐसे में एक ही श्रेणी के निवेशक काफी दिक्कत में आ चुके हैं। इसके लिए अगर आपने अलग-अलग एसेट में निवेश किया होता तो बेहतर रहता। हालांकि, यह ध्यान रखना चाहिए कि केवल फंड स्तर पर विविधीकरण करना सही नहीं है, क्योंकि जरूरत पड़ने पर विभिन्न एसेट क्लास के बीच पुनः आवंटन करना मुश्किल हो जाता है। विशेषज्ञ बताते हैं कि 29 मल्टी-एसेट फंड्स में से अधिकांश फंड्स में 65% से अधिक निवेश इक्विटी में, 25% डेट में और 10% अन्य (जैसे सोना/कमोडिटी) में होता है। डीएसपी मल्टी एसेट एलोकेशन फंड एक अपवाद है, जिसमें लगभग 88% निवेश 'अन्य' श्रेणी में है। अधिकांश योजनाओं में एक जैसी संरचना होने से विविधीकरण और लचीलापन दोनों सीमित हो जाते हैं। चूंकि इक्विटी हिस्सा अक्सर लार्ज-कैप शेयरों में केंद्रित होता है, इसलिए कई बार ऐसे फंड्स में निवेश करने पर भी पर्याप्त विविधीकरण नहीं मिल पाता। वे सलाह देते हैं कि सिर्फ मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड्स पर निर्भर रहने के बजाय निवेशकों को अपने पूरे पोर्टफोलियो स्तर पर एसेट एलोकेशन तय करना चाहिए।

### फ्लेक्सी-कैप और बैलेंस्ड एडवांटेज फंड्स भी विकल्प

इसके बावजूद मल्टी-एसेट फंड्स में निवेशकों की रुचि लगातार बढ़ रही है। मध्यम जोखिम प्रोफाइल वाले नए निवेशकों के लिए मल्टी-एसेट फंड्स के साथ फ्लेक्सी-कैप और बैलेंस्ड एडवांटेज फंड्स भी एक अच्छा विकल्प है। पिछले एक वर्ष में 24 मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड्स में से 8 ने दो अंकों (डबल डिजिट) का रिटर्न दिया, 14 ने एक अंक (सिंगल डिजिट) का रिटर्न दिया, जबकि 2 फंड्स ने नकारात्मक रिटर्न दिया। कई बार मल्टी-एसेट फंड्स पूर्व-निर्धारित एलोकेशन संरचना के कारण हर एसेट की पूरी क्षमता का लाभ नहीं उठा पाते। ये फंड्स अभी भी इक्विटी पर अधिक निर्भर रहते हैं और इक्विटी फंड्स से बहुत अलग नहीं हैं। यदि निवेशक पहले से ही अपने पोर्टफोलियो स्तर पर एसेट मिक्स तय कर रहे हैं, तो मल्टी-एसेट फंड जोड़ने से अनावश्यक दोहराव या एक ही एसेट में अधिक निवेश (कंसंट्रेशन) हो सकता है, खासकर जब फंड इक्विटी की ओर झुका हुआ हो। एसे निवेशकों को मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड्स से बचने पर विचार करना चाहिए और अपनी वित्तीय लक्ष्यों और जोखिम प्रोफाइल के अनुसार इक्विटी और डेट में अलग-अलग निवेश करना चाहिए। इससे बेहतर रिटर्न, दीर्घकालिक वृद्धि और संपत्ति निर्माण की आदर्श रणनीति बन सकती है। जबकि नए व आम निवेशकों के लिए मल्टी एसेट फंड एक बेहतर विकल्प रहता है। भले ही कुछ परिस्थितयों में इसमें रिटर्न कम हो सकता है, लेकिन जोखिम घटाने के लिए यह बेहतर विकल्प है। हाल के आंकड़े गवाह हैं कि इस फंड ने अनेक मामलों में बेहतर रिटर्न भी दिया है। इसके बावजूद निवेश हमेशा अपनी जोखिम क्षमता, निवेश अवधि और वित्तीय लक्ष्यों के आधार पर ही करना चाहिए।


स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति
अखिल भारतीय T20
DUES TOURNAMENT 2026
स्व. श्री लखीराम अग्रवाल जी
की स्मृति में आयोजित
अखिल भारतीय रात्रिकालीन
ड्यूज बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का
फाइनल मुकाबला
T-20
दिनांक :29 मार्च 2026 | समय : शाम 06 बजे से
स्थान : राजा रघुराज सिंह स्टेडियम, बिलासपुर (छ.ग)
माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी छ.ग. शासन
माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू जी
एवं कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों एवं खिलाड़ियों का
हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन...
FORTUNE ELEMENTS
RAMA GROUP
Building Better Tomorrow
श्री प्रवीण झा
श्री सुनील छाबड़ा
डॉ. रजनीश पाण्डेय
श्री रवि मोटवानी
श्री विशाल जैन
प्रवीण दुबे
अध्यक्ष
राजेन्द्र भंडारी
संतोष साहू
यतीश गोयल
ओपी यादव
चिकी बोले
शेखर पाल
हिरदेश केशरी
राजेश बिसेन
सुशांत राय
सचिव
स्व. श्री लखीराम अग्रवाल जी ड्यूज बाल T-20 क्रिकेट प्रतियोगिता - आयोजन समिति, बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### हनुमान जयंती पर हिंदू युवा मंच बरेला की ओर से भंडारा

**तखतपुर।** हनुमान जयंती के अवसर पर 2 अप्रैल को दोपहर 4 बजे से हिंदू युवा मंच बरेला की ओर से रामायण चौक बरेला में भंडारे का आयोजन किया गया है।

### महामाया मंदिर को भेंट की गई स्वर्ण माला

**तखतपुर।** स्वर्गीय जवाहर सिंह एवं निर्मला सिंह पकरिया की स्मृति में उनके पुत्र एवं परिजन राजेश्वर



सिंह क्षत्रिय, ज्योति सिंह क्षत्री, ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्री सुनंदा सिंह क्षत्री, पार्वती अविका देवी, अवनी देवी, आरोही देवी व आरनवी देवी की ओर से मां महामाया मंदिर तखतपुर में एक स्वर्ण माला भेंट की गई। इस अवसर पर मणिशंकर सिंह, यतेन्द्र दुबे, दिलीप तोलानी उपस्थित रहे।

### छात्राओं को बैंकिंग से जुड़े वित्तीय लेन-देन का प्रशिक्षण



**मुंगेली।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला के बैंकिंग व्यवसायिक की 40 छात्राओं को भारतीय स्टेट बैंक एवं किओस्क बैंकिंग एसबीआई लाइफ के साथ वित्तीय लेन-देन का सूक्ष्म प्रशिक्षण प्रदान किया गया। 10 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण के तहत छात्राओं को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक दैनिक रूप से किओस्क सेंटर मे प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही बैंकिंग बीमा, जीवन ज्योति, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना जैसी सभी शासकीय योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई एवं तकनीकी ज्ञान का कम्प्यूटर से प्रैक्टिकल एवं मौखिक मूल्यांकन लिया गया। प्रशिक्षण शिविर में प्रमुख रूप से कन्या शाला प्राचार्य कृष्ण कुमार नवरंग एवं व्यावसायिक प्रशिक्षक उषा डेविड, स्टेट बैंक ब्रांच मैनेजर विकास कुमार, किओस्क मैनेजर राहुल सिंह वं प्रशिक्षण प्रभारी किओस्क पुरुषोत्तम जायसवाल ने सभी छात्राओं को बैंकिंग की बारीकियों के संबंध में मौखिक, लिखित एवं प्रायोगिक माध्यम से प्रशिक्षित किया।

### सुधारे गए खराब जल स्रोत एवं बोरवेल्स



**मल्हार।** मस्तूरी जनपद क्षेत्र के 17 के गावों में पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुए जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे के नेतृत्व में विशेष मिशन चलाया गया। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम ने गांवों में पहुंचकर विशेष अभियान संचालित किया, जिसमें खराब हुए नल-जल स्रोत एवं बोरवेलों का सुधार किया गया। इस अभियान के तहत पाइप लाइन मरम्मत, राइजर राइजिंग पाइप बदलना, लीकेज सुधार, हैंडपंप रिपेयरिंग एवं अन्य तकनीकी कार्य कर लंबे समय से खराब पड़े जल स्रोतों को फिर से चालू किया गया, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। अब लोगों को नियमित रूप से पेयजल उपलब्ध होगा। ग्रामीणों ने इस त्वरित कार्रवाई के लिए जनपद सदस्य एवं विभागीय टीम का आभार व्यक्त किया।

### डीएवी कोतरी का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, नया सत्र 1 से



**लोरमी।** ग्राम कोतरी स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा के परिणाम की घोषणा की गई। एलकेजी से कक्षा 7वीं और 9 वीं तथा 11वीं के परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। प्राचार्य दीपक कुमार ने परीक्षा परिणाम की घोषणा करते हुए कहा कि, परीक्षा परिणाम बच्चों के वर्ष भर के क्रियाकलापों एवं पठन-पाठन का सामूहिक परिणाम है। कक्षा एलकेजी में श्रीशा कश्यप प्रथम, स्वधा पांडेय द्वितीय, हर्ष सिंह राजपूत तृतीय एवं कक्षा यूकेजी में सूर्यांश राजपूत प्रथम, संस्कृति द्वितीय, खुशी साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पहली में दुष्यंत पुरी प्रथम, अथर्व कश्यप द्वितीय, अमृतेश साहू तृतीय, कक्षा दूसरी में कनिका कश्यप प्रथम, याचना कश्यप द्वितीय, रियांश कश्यप तृतीय, कक्षा तीसरी में उन्नति साहू प्रथम, आदर्श अनंत द्वितीय, सात्विक सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा चौथी में ईशान कश्यप प्रथम, मानस सिंह क्षत्री द्वितीय, मान्या कश्यप तृतीय, कक्षा पांचवीं चेष्टा मंडान प्रथम, आव्या कश्यप द्वितीय, जान्हवी कश्यप तृतीय और कक्षा छठवीं में पीहू देवी साहू प्रथम, नम्रता सिंह द्वितीय, अमित पांडेय तृतीय कक्षा सातवीं में दीपाक्षी प्रथम, विजयलक्ष्मी कुलमित्र द्वितीय, किशोर यादव तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में कक्षा आठवीं में नीलेश कुमार कश्यप पहले, आकाश कश्यप कश्यप दूसरे एवं रौनक कश्यप तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा नौवीं में प्राची कश्यप पहला, हुमेश्वरी साहू दूसरा एवं मान्यता क्षत्री तीसरा स्थान हासिल किया। तथा कक्षा ग्यारहवीं साइंस में प्राप्ति कश्यप प्रथम, भावना साहू द्वितीय तथा सुप्रिया क्षत्री ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### मल्हार महोत्सव का शुभारंभ, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समा

# समृद्ध सांस्कृतिक, पुरातात्विक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध है मल्हार: धरमलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी मल्हार में आयोजित मल्हार महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को श्रद्धा, उत्साह और परंपरा के संगम के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां डिंडेश्वरी माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई, जिसमें क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई।

मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने अपने संबोधन में मल्हार की ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह क्षेत्र प्राचीन काल से ही समृद्ध सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध रहा है। मल्हार महोत्सव मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर ही फिर से शुरू हुआ है। उन्होंने बताया कि यहां हुई पुरातात्विक खोजों में ताम्रपाषाण काल के अवशेष प्राप्त हुए हैं, जो इस क्षेत्र की प्राचीन सभ्यता और जीवन शैली को दर्शाते हैं। इस अवसर पर बेलतरा विधायक सुशांत सिंह शुक्ला, मस्तुरी विधायक दिलीप लहरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी केवर्त, कलेक्टर संजय अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल,अपर कलेक्टर शिव कुमार बैनर्जी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।





मल्हार महोत्सव का शुभारंभ करते विधायक धरमलाल एवं कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार।

#### लोक कलाकारों ने दी प्रस्तुति

मेला ग्राउंड में आयोजित उत्सव के अंतर्गत प्रथम दिवस शाम 5.30 बजे से लेकर रात 11 बजे तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां हुईं। कार्यक्रमों की श्रृंखला में लोक एवं शास्त्रीय कला का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसमें प्रदेश के कलाकारों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। करमा नृत्य (जय माता दी करमा दल, बेलतरा) से कार्यक्रम की शुरुआत हुई, इसके बाद हमर ज्योति पंथी पार्टी, मुंगेली द्वारा पंथी नृत्य प्रस्तुत किया गया। शास्त्रीय संगीत में डॉ. तोपराज पटेल ने अपनी प्रस्तुति दी, वहीं सृष्टि अंचल पाण्डेय, बिलासपुर द्वारा ओडिसी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। स्वाति सोनी लोककला मंच की प्रस्तुति ने भी दर्शकों को खूब आकर्षित किया। शिवकुमार तिवारी एवं साथियों के कार्यक्रम के साथ ही सुनील सोनी स्टार नाइट ऑर्केस्ट्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

## स्कूलों में अहाता व मरम्मत के लिए 82.38 लाख स्वीकृत

**लोरमी।** क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के अनुशंसा पर संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय की ओर से विभिन्न शासकीय शालाओं में लघु निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके तहत क्षेत्र की 10 स्कूलों में आहता एवं 5 स्कूल में मरम्मत कार्य के लिए 82 लाख 38 हजार रुपए स्वीकृत किए गए। स्वीकृत कार्यों के अनुसार आहता निर्माण हेतु शास पूमा स्कूल डोंगरीगढ़ के लिए 8 लाख, शाप्रा स्कूल जोतपुर के लिए 5.60 लाख, शाप्रा स्कूल आंछीडोंगरी के लिए 5.60 लाख, शाप्रा स्कूल लीलापुर के लिए 5.60 लाख, शाप्रा स्कूल सुकली के लिए 5.60, शाप्रा स्कूल औराबांधा के लिए 5.60, शाप्रा शाला चंदियाभाठा के लिए 5.60, शाप्रा शाला के लिए चचेडी, 5.60, प्राथमिक शाला बोईरहा के लिए 5.60, प्राथमिक शाला खुड़िया के लिए 5.60 रुपए स्वीकृत हुए हैं। इसी तरह मरम्मत कार्य के लिए शाप्रा शाला जोतपुर में 3.70, शाप्रा शाला आंछीडोंगरी में 3.70, शाप्रा शाला कुटेलाटोला में 3.70, मिडिल स्कूल भवन गोड़खाम्ही में 6.44 लाख स्वीकृत हुए हैं। इस तरह कुल 82 लाख 38 हजार की स्वीकृति प्रदान की गई है।



■ डिप्टी सीएम साव की अनुशंसा पर कार्यों को मिली मंजूरी

## विधायक के प्रयासों से 2.36 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत

**मस्तूरी।** विधानसभा क्षेत्र में विकास को नई रफ्तार मिली है। क्षेत्र के विधायक दिलीप लहरिया के सतत प्रयासों एवं अनुशंसा से 2 करोड़ 36 लाख 39 हजार की लागत से क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में सड़क, सामुदायिक भवन एवं सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

विधायक द्वारा क्षेत्र की जनता की मांग के अनुरूप भेजे गए प्रस्तावों को शासन ने मंजूरी दी है। इन कार्यों के शुरू होते ही ग्रामीण अंचलों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा। इस स्वीकृति पर विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि, मस्तूरी विधानसभा के हर गांव में बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना मेरी प्राथमिकता है। इन स्वीकृत कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को नई गति मिलेगी और लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। क्षेत्रवासियों ने इसे मस्तूरी क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात बताते हुए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।



■ हर गांव में बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना मेरी प्राथमिकता: लहरिया

## कलश शोभायात्रा निकालकर किया गया जवारा विसर्जन

**मल्हार।** नवरात्रि का पर्व संपन्न होने के बाद शनिवार को परंपरानुसार नगर में मां डिडनेश्वरी मंदिर से कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सौ से ज्यादा कलशयात्रा निकलीं, जिसमें महिलाओं व युवतियों ने हिस्सा लिया।

शोभायात्रा का दर्शन करने पूरे रास्ते भर हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ रही। शोभायात्रा में शामिल महिलाओ व श्रद्धालुओं के लिए लोगों ने जगह जगह पीने के पानी, शर्बत व प्रसाद की व्यवस्था की। साथ ही देवांगन मोहल्ले की महिलाओं ने अपने घरों के सामने चौका आरती बनाकर शोभायात्रा का स्वागत कर पूजन किया। इस भव्य नजारे को देखने आसपास के गावों के हजारों के लोग भी शामिल हुए। प्रत्येक नवरात्र के बाद निकलने वाली इस कलश शोभायात्रा का इंतजार नगर व आसपास के लोगों को बेसब्री से रहता है, इसलिए यह यात्रा भव्य व दिव्य रूप से निकाली जाती है। भारी भीड़ के मद्देनजर इस बार पुलिस के जवानों को कई स्थानों में तैनात किया गया था। मंदिर परिसर से शाम 4 बजे शुरू हुई यात्रा ठाकुरदेव चौक, बाजार चौक, स्कूल चौक होते हुए मेला चौक स्थित भगवान पातालेश्वर मंदिर पहुची, जहां विधि पूर्वक पूजन के बाद पौराणिक महव के खैया तालाब में जंवारा विसर्जन किया गया और कलशयात्रा वापस मंदिर पहुची।



### रामनवमी पर शोभायात्रा भक्ति में डूबा जैतपुर

**मल्हार।** क्षेत्र के ग्राम जैतपुर में रामनवमी के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह शोभायात्रा कुंडेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर पूरे ग्राम भ्रमण करते हुए भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुई। शोभायात्रा में डीजे की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। बालकों ने श्रीराम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमान का आकर्षक रूप धारण कर राम दरबार की सचित्र झांकी प्रस्तुत की, जिसने सभी का मन मोह लिया। जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे शोभायात्रा में शामिल हुए एवं उन्होंने क्षेत्रवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं तथा सभी के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस मौके पर मल्हार चौकी के प्रधान आरक्षक नुवास तिग्गा, मनोज राजपूत, अभिजीत कुर्रे, सोनवानी एवं जयशंकर साहू भी शामिल हुए और व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में समिति के आकाश कैवर्त, गोपी

### धोबी समाज का वार्षिक अधिवेशन आज, तैयारी पूर्ण

**मुंगेली।** रजक धोबी समाज मुंगेली राज का वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह का आयोजन 29 मार्च रविवार को दोपहर 12 बजे से सामुदायिक भवन स्थल कोदवा रोड त्रिलोक धाम मंदिर के पास दाऊपारा में किया जा रहा है। सम्मेलन में सामाजिक समस्याओं का निराकरण करने के साथ-साथ समाज के होनहार छात्र-छात्राओं और सामाजिक जनप्रतिनिधियों का भी सम्मान किया जाएगा। मुंगेली जिला अध्यक्ष दिलीप रजक, राज अध्यक्ष भागीराम निर्मलकर, सचिव दिनेश निर्मलकर ने बताया कि, कार्यक्रम की पूर्ण तैयारी कर ली गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक पुन्नूलाल मोहले होंगे एवं अध्यक्षता रजककार विकास बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक करेंगे।

## जिपं सदस्य धीवर ने किया 35 लाख के कार्यों का भूमिपूजन



**सीपत।** ग्राम पंचायत सोंठी में मंगलवार को विकास की नई इबारत लिखी गई, जब जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर ने जनपद सदस्य लक्ष्मीन देव सिंह पोर्ते, सरपंच नीमा गोपी वस्त्रकार एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर ने कहा कि, हमारा संकल्प है कि क्षेत्र का कोई भी गांव विकास से अछूता न रहे। सड़क, पानी, खेल मैदान सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं हर घर तक पहुंचे, यही हमारी प्राथमिकता है। जनपद सदस्य लक्ष्मीन देव सिंह पोर्ते ने कहा कि, गांवों में तेजी से हो रहे विकास कार्य यह दर्शाते हैं कि, हमारी टीम जनहित के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। सोंठी सरपंच नीमा गोपी वस्त्रकार ने कहा कि, ग्राम पंचायत सोंठी में आज जो विकास कार्य शुरू हुए हैं, उससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर उपसरपंच देवेंद्र कुमार पोर्ते, सचिव दरसराम साहू, पूर्व सरपंच राजेंद्र पटेल , पंच हेमलता, राजकुमारी, पंकज कश्यप, खम्हरिया सरपंच श्वेता शैलेन्द्र खांडेकर, सचिव लखनलाल सूर्यवंशी, उड़ागी सरपंच खगेश्वरी भारती, सचिव कविंद्र साहू, बिटकुला सरपंच बुधवारा बाई, सरपंच प्रतिनिधि लव गंधर्व, बुटन पाटनवार, राम कश्यप, रमेश कंवर, मानसिंह आदि मौजूद थे।

■ जनता का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी ताकत: राजेंद्र

## धरमलाल ने किया 1 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**बिल्हा।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने विधानाभा बिल्हा के सिरगिट्टी क्षेत्र में लगभग 1 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस योजना के अंतर्गत सिरगिट्टी मुख्य मार्ग बन्नाकडीह चौक से रेलवे अंडर ब्रिज तक 3 किमी दूरी तक विद्युतीकरण पोल एवं स्ट्रीट लाइट व्यवस्था स्थापित की जाएगी, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर रोशनी और सुरक्षा की सुविधा मिलेगी।

इस मौके पर धरमलाल कौशिक ने कहा कि, ग्राम पंचायत से नगर पंचायत और अब बिलासपुर नगर निगम में शामिल होने के बाद सिरगिट्टी में जन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि, आने वाले समय में युवाओं के लिए मिनी स्टेडियम, क्षेत्र में भव्य शादी भवन, तालाबों का सौंदर्यीकरण व जलभराव व्यवस्था तथा चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण जैसे कार्य भी किए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि, बिल्हा के विकास के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं और इसी तरह पूरे क्षेत्र में चहुंमुखी विकास हो रहा है। साय सरकार का संकल्प है हर गांव को सौन्दर्यपूर्ण बनाना। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नेतृत्त्व में सरकार छत्तीसगढ़ राज्य को 2047 तक एक विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाने का रोडमैप तैयार है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता मनोज दुबे ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बिलासपुर महापौर पूजा विधानी, सभापति विनोद सोनी, एमआईसी सदस्य एवं वार्ड 11 पार्षद केशरी इंगोले, जोन अध्यक्ष एवं वार्ड 12 पार्षद विजय सिंह मरावी, गायत्री मनोज दुबे, जोन कमिश्नर भूपेन्द्र उपाध्याय, मंडल महामंत्री अजय कश्यप, राजू मानिकपुरी, दिनेश कौशिक, बाली श्रीवास, बाबा खान, द्रोण सोनकलिहारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



### बीआरएसएम कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला

**मुंगेली।** बीआरएसएम कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च स्टेशन मुंगेली में 24 मार्च को 'एडवांस्ड एमएस-एक्सेल फर बिग डेटा एनालिसिस एंड विजुअलाइजेशन' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ देबाशीष पाधी के स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ जितेन्द्र सिन्हा ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतिभागियों को प्रेरणादायक संदेश दिया तथा इस प्रकार के कौशल-आधारित प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। इसके पश्चात कार्यशाला के आयोजन सचिव डॉ सुरेन्द्र कुमार चांदनिहा ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागियों को एडवांस्ड एमएस-एक्सेल के विभिन्न टूल्स एवं तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने व्यावहारिक सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों को डेटा विश्लेषण एवं विजुअलाइजेशन के आधुनिक तरीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला में शासकीय एसएनजी कॉलेज, डॉ ज्वाला प्रसाद मिश्रा शासकीय विज्ञान महाविद्यालय तथा सुखनंदन कॉलेज के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के साथ–साथ मेजबान संस्थान के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## 50 से अधिक नन्हें रोजेदारों को किया गया सम्मानित



**मुंगेली।** ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में 'नन्हे रोजेदार सम्मान एवं ईद मिलन समारोह' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उत्साह और अनुशासन के साथ रोजा रखने वाले 11 वर्ष से कम उम्र के 50 से अधिक नन्हे बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिराज, रायपुर संभाग सचिव मोहम्मद शबाना, मुस्लिम समाज के मुतवल्ली सैय्यद वाजिद, सदर इशहाक खान, पंडरिया अध्यक्ष हमीदुल्लाह खान, अल्पसंख्या नीति मंच के प्रदेश मंत्री मोहम्मद आलम सहित बड़ी संख्या में समाज के नागरिक उपस्थित रहे। मो अलीम के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने रमजान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, यह महीना सब्र, त्याग, इबादत और इंसानियत का संदेश देता है। विशेष रूप से छोटे बच्चों द्वारा रोजा रखना उनके अच्छे संस्कार और धार्मिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो पूरे समाज के लिए गर्व की बात है। साथ ही बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए भी प्रेरित किया गया, ताकि वे धार्मिक मूल्यों के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा में भी आगे बढ़ सकें।

इस दौरान नन्हे रोजेदारों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण-पत्र और आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि, इस तरह के आयोजन बच्चों में सकारात्मक सोच, अनुशासन और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिराज ने अपने कहा, माहे रमजान हमें सब्र, त्याग और इंसानियत की सीख देता है। कार्यक्रम में एएमडब्ल्यूएफ के सचिव नईम खान, अख्तर अली, मोहम्मद आरिफ, शेख आबिद, इरफान खान, हाशिम मिर्जा, सुहैल खान, हैदर अली, सलमान खान, अदनान अली, अहद शेख, मुकीम रिजवी सहित अन्य मौजूद रहे।

### निधन

**प्रेमा पाण्डेय**



**बिलासपुर।** सीपत चौक सरकंडा मानस मंदिर के पास पीतांबरा पीठ गली निवासी प्रेमा पाण्डेय का निधन 28 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे शिवनारायण पाण्डेय की पत्नी, धीरेन्द्र पाण्डेय, सुशील कुमार पाण्डेय एवं दीपक पाण्डेय की माता थीं।

**मो. शफीक खान**



**बिलासपुर।** जूनी लाइन निवासी मो. शफीक खान प्यारे भाई का इंतकाल 28 मार्च को हो गया। उनकी मैय्यत 29 मार्च को सुबह 10 बजे उनके निवास से खामोशगंज मरीमाई के लिए निकलेगी। वे सादिक खान, शाद खान के पिता व आरिफ खान, अय्यूब खान, बाबा खान के भाई थे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मरवाही, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**

क्रमांक /1103/अ.वि.अ./वाचक/2026
मरवाही, दिनांक 23/3/2026

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमलेश प्रसाद रजक पिता मोतीलाल रजक उम्र -52 वर्ष जाति-धोबी निवासी ग्राम घुसरिया, रा.नि. मं.-सिवनी तहसील-मरवाही जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) ग्राम घुसरिया प.ह.नं.-12, व तहसील रा.नि.मं.-सिवनी तहसील-मरवाही स्थित अपने स्वामित्व हक की भूमि ख.नं. 168/3 रकबा 1.287 हेक्टेयर में से 0.10 एकड़ भूमि को कृषि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र इस न्यायालय में धारा 172 छ.ग.भू.रा. संहिता के तहत प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई हित रखते हो तथा आवेदक को उपरोक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन की अनुमति दिये जाने पर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में दिनांक 17/04/2026 को या उससे पूर्व स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 23/3/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मरवाही, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान नवम जिला न्यायाधीश जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

कु. पुष्पा वगैरह.........- अपीलार्थीगण
// विरुद्ध //
विश्वजीत वगैरह ........-उत्तरवादीगण
विविध व्य.अपील 37/2025
पेशी ता. 04.04.2026
आदेश दिनांक 25.02.2026
प्रोसेस क्रं. 98

इस न्यायालय में अपीलार्थीगण ने उत्तरवादीगण के विरुद्ध वाद दाखिल किया है, जिसकी पेशी दिनांक 04.04.2026 को नियत है।

उत्तरवादी क्र. 01 विश्वजीत उर्फ शनि एवं उत्तरवादी क्र. 02 यश सिंह दोनों पिता सुखदेव सिंह निवासी रिंग रोड नं 02 कालिंदी कुंज के पास बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा आवेदन का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक 04.04.2026 को न्यायालय में प्रातः 11:00 बजे स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 04.04.2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते हैं तो अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 19.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
दिनांक 19/03/26 स्थान-बिलासपुर
(अगम कुमार कश्यप)
नवम जिला न्यायाधीश, बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नवम जिला न्यायाधीश, बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस / समंस**

अ.प्र.क्र. 34अ/2022
आदेश दिनांक 12/02/2026
पेशी दिनांक 07/04/2026
प्रोसेस क्रमांक 101
सुधा तिवारी... अपीलार्थीनी
विरुद्ध
इति तिवारी वगै... उत्तरवादीगण
1. प्रेरणा तिवारी, पिता राजनाथ तिवारी,
2. चितप्रीत तिवारी, पिता राजनाथ तिवारी,
दोनो निवासी-प्रशासनिक भवन परिसर, एस.ई.सी.एल. कालोनी, राजकिशोर नगर, तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
..प्रतिवादीगण

इस न्यायालय में अपीलार्थीनी ने प्रतिवादीगण के विरूद्ध अपील प्रस्तुत किया गया है जिसका व्य.अ.क्र. 34अ/2022 एवं आगामी पेशी दिनांक 07/04/2026 है।

प्रतिवादीगण को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा वाद का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक 07/04/2026 को न्यायालय में प्रातः 11:00 बजे स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेने अथवा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 07/04/2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते हैं तो अगले कार्य दिवस पर कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 09/03/26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थान - बिलासपुर छ.ग.
दिनांक - 09/03/2026
**(अगम कुमार कश्यप)**
**नवम जिला न्यायाधीश**
**बिलासपुर (छ.ग.)**



## खबर संक्षेप

### छग कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने मुख्य सचिव से की भेंट



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के कर्मचारियों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्य सचिव से भेंट की। मुख्य सचिव ने आश्वस्त किया कि कर्मचारी हितों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही ठोस एवं सकारात्मक निर्णय लिए जाएंगे। प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि मुख्य सचिव से डीए एरियर्स की राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित करने, 300 दिवस अर्जित अवकाश के नकदीकरण, चार स्तरीय समयमान वेतनमान, लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास तथा अन्य संवर्गों की वेतन विसंगतियों, शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति से सेवा गणना जैसे विभिन्न ज्वलंत मुद्दों के समाधान के लिए विशेष पहल करने का अनुरोध किया। एक अन्य मांग पत्र सौंपते हुए उन्होंने बताया कि विगत सात वर्षों से राज्य स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक नहीं होने से कर्मचारी संगठनों में नाराजगी है। इस पर मुख्य सचिव ने शीघ्र बैठक कराने का आश्वासन दिया। वहीं प्रदेश में आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली के क्रियान्वयन में आ रही तकनीकी समस्याओं से भी मुख्य सचिव को अवगत कराया गया। प्रतिनिधिमंडल में फेडरेशन के पवन कुमार शर्मा, जी आर चंद्रा , चंद्रशेखर तिवारी, बी.पी. शर्मा, संजय सिंह, पंकज पांडेय, जय कुमार साहू मौजूद थे।

### अद्दी अम्मा की मासिक वर्सी पर झूलेलाल सांई की हुई महाआरती



**बिलासपुर।** सिंधी कॉलोनी स्थित धन गुरु नानक, डेरा संत बाबा थाहिरिया सिंग साहिब दरबार में संत माता अद्दी अम्मा की मीठी याद में मासिक वर्सी मनाई गई। इस दौरान संगतों ने सुखमणि साहिब का पाठ किया। बबल भाई साहेब ने गुरबाणी, कीर्तन कर साध संगत को निहाल किया। विश्व कल्याण के लिए अरदास की गई। सेवादारों ने बताया कि झूलेलाल जयंती के उपलक्ष्य में झूलेलाल सांई की महाआरती की गई। कार्यक्रम के समापन पर गुरु का अटूट लंगर वरताया गया। कार्यक्रम में सोनू लालचंदानी, सुरेश वाधवानी, प्रकाश जज्ञासी, नानक पंजवानी, राजकुमार कलवानी, राजू धामेचा, जगदीश सुखीजा, नरेश मेहरचंदनी, भोजराज नारवानी, मेघराज नारा, अशोक, जगदीश जज्ञासी, गंगाराम सुखीजा, सुरेश माधवानी, दीपक लालवानी, नीलम, अशोक मतलानी, विकास बजाज, अनीता नारवानी, कंचन सुरेश वाधवानी, सोनिया कलवानी आदि उपस्थित थे।

### अस्पताल के साथ ही सामुदायिक केन्द्रों की हालत खराब

# पारा 40 के करीबः कहीं लगे कूलर, कहीं मरीजों को पीने का पानी तक नसीब नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी अपने तेवर दिखाना शुरू कर चुकी है, इस दौरान मौसमी बीमारियों की चपेट में आकर मरीज सरकारी अस्पतालों में पहुंच रहे है, लेकिन जहां बीमारी से हाल बेहाल है, वहीं सरकारी अस्पतालों में मरीजों को लेकर की गई व्यवस्था उसके दर्द बढ़ा रही है। सिम्स में जहां कूलर की व्यवस्था की गई है, लेकिन कई बार यहां कूलर में पानी तक मौजूद नहीं होता है। जिला अस्पताल में मरीजों को अब तक पंखे के सहारे ही लाइन में लगना पड़ता है, वहीं ओपीडी का हाल बेहाल है।

- **सिम्स में व्यवस्था सुधरी लेकिन लापरवाही से बढ़ती है परेशानी**

लाखों रूपए खर्च कर भी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को गर्मी से राहत पाने के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। मार्च खत्म होने वाला है और गर्मी बढ़ने लगी है। इस दौरान अस्पतालों में सुबह 11 से 2 बजे तक मरीजों की बेतहाशा भीड़ रहती है। सिम्स में गर्मी के लिए कई कदम उठाए गए हैं। वार्डों में एसी की रिपेयरिंग जारी है, वहीं ओपीडी में कूलर लगाए गए है, लेकिन कूलर का पानी खत्म होने के बाद पानी भरने की जिम्मेदारी नहीं दी गई है, ऐसे में कूलर गर्म हवा फेंकने लगता है। जिला अस्पताल में हालत खराब है। मरीजों को गर्मी से बचने के लिए महज पंखा का ही उपाय है। वार्डों में कूलर दिखाई नहीं दे रहे है, ऐसे में प्रबंधन की तैयारी साफ तौर पर लोगों का मुंह चिढ़ा रही है।



सिम्स में मरीजों की सुविधा के लिए लगाए गए कूलर में पानी की व्यवस्था नहीं।

#### वाटर कूलर में गर्म पानी

जिला अस्पताल के हर फ्लोर में वाटर कूलर रखा गया है, लेकिन कुछ वाटर कूलर बंद है और जिनमें पानी मिल रहा है, वह पूरी तरह से गर्म पानी है। खास बात यह है कि मातृ एवं शिशु अस्पताल में 3 व 4 फ्लोर में पानी की व्यवस्था ही नहीं है, ऐसे में मरीजों को नीचे से डब्बे में भर का पानी ले जाने की मजबूरी का सामना करना पड़ता है। सिम्स में इस मामले में स्थिति पहले से सुधर चुकी है। करीब 11 जगहों पर वाटर कूलर लगाए गए है, जिससे मरीजों को ठंड पानी मिल पा रहा है।

#### की जा रही है व्यवस्था

आईसीयू, पेइंग वार्ड, ट्राइएज जैसे जगहों पर एसी लगाए गए हैं। ओपीडी में भी कूलर लगा दिए गए हैं, कुछ जगहों पर अगले 4 दिनों में 8 कूलर लगाए जाएंगे। गर्मी को देखते हुए सभी तरह के पर्याप्त कदम उठाए जा रहे है।

**-डा लखन सिंह,** अधीक्षक, सिम्स

# पुलिस अफसरों ने जानी फारेंसिक की उपयोगिता

**बिलासपुर।** शनिवार को एसएसपी रजनेश सिंह के नेतृत्व में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन बिलासागुड़ी पुलिस लाइन किया गया। इसमें राजपत्रित अधिकारियों तथा उनके अंतर्गत स्थित थाना अनुभाग में कार्यरत अधिकारी - कर्मचारी शामिल हुए।

उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला में राजपत्रित अधिकारी, थाना/चौकी प्रभारी तथा विवेचक सहित कुल 75 अधिकारी-कर्मचारी को वर्तमान में फॉरेंसिक की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए विवेचना की कमियों व बारीकियों का विश्लेषण कर अपराध स्थल का एफएसएल द्वारा निरीक्षण एवं साक्ष्य का महत्व तथा अपराध स्थल में ली गई तलाशी एवं अभिग्रहण (जब्ती) की फोटोग्राफी - वीडियोग्राफी के संबंध में जागरूक किया गया। प्रशिक्षणकर्ता डॉ. समीर कुर्रे और वैज्ञानिक अधिकारी प्रशांत कुमार ने फारेंसिक विशेषज्ञ के रूप में किए गए कार्यों का अनुभव साझा किया। डॉ. समीर और वैज्ञानिक अधिकारी प्रशांत कुमार ने फारेंसिक विशेषज्ञ ने घटनास्थल के निरीक्षण की आवश्यकता एवं फोटोग्राफी की उपयोगिता की जानकारी साझा किए। कैसे फारेंसिक विज्ञान अपराधों की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है एवं कैसे फोटोग्राफी सबूतों को संरक्षित करने में मदद करती है, साथ ही कृत्रिम घटना स्थल बनाकर फोटोग्राफी- वीडियोग्राफी कर घटना स्थल से सबूतों को इकट्ठा करने एवं उन्हें विधिवत पैक करने का प्रशिक्षण के संबंध में बताया गया। उप निरीक्षक कृष्णा साहू द्वारा गंभीर अपराध के प्रकरणों में घटना स्थल का नजरी नक्शा, जब्ती, तलाशी संबंधित दस्तावेज तैयार करने की प्रक्रिया से अवगत कराया। उनके स्वयं की विवेचना के दौरान न्यायालय में चश्मदीद गवाहों के मुकर जाने के बावजूद भी न्यायालय द्वारा परिस्थितिजन्य साक्ष्य एवं विवेचना में संकलित दस्तावेज एवं आए साक्ष्य व तथ्यों के आधार पर अपराधियों को दी गई



घटना स्थल को सुरक्षित कर, घटना स्थल से मिले भौतिक साक्ष्य को चिन्हांकित कर सीलंबद पैक करने की व्यावहारिक ज्ञान तथा सीन ऑफ क्राइम का अवलोकन करने की प्रक्रिया एवं साक्ष्य एकत्र करने किन-किन बातों का ध्यान में रखा जाना आवश्यक है, शीघ्र नष्ट होने वाले साक्ष्यों के एकत्रीकरण, काईम सीन स्केच तैयार करने एवं परीक्षण हेतु भेजते समय संलग्न दस्तावेज एवं समयावधि में ड्राफ्ट तैयार कर प्रदर्शों को एफ.एस.एल. परीक्षण के लिए भेजे जाने के संबंध में अवगत कराया गया।

## सिम्स में नवाचार

# ग्रीन एनेस्थीसिया के जरिए मरीजों को मिलेगी निश्चेतना



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सर्जरी के दौरान एनेस्थीसिया लिए डेसफ्लुरेन और नाइट्रस ऑक्साइड जैसी ग्रीनहाउस गैसों का उपयोग किया जाता है। जिससे कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन स्वभाविक है। ऐसे में सिम्स प्रबंधन ग्रीन एनेस्थीसिया पर अब काम करने जा रहा है। जिसमें मरीज को लो फ्लो एनेस्थीसिया तकनीक के माध्यम से निश्चेतना दी जाएगी। इसका उपयोग कर सिम्स सर्जरी में नवाचार को बढ़ावा दे रहा है।

ग्रीन एनेस्थीसिया के तहत गैसों का सीमित और नियंत्रित उपयोग छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में बड़ी पहल मानी जा रही है। इस पहल के तहत मरीजों व चिकित्सकों एनेस्थीसिया के दौरान उपयोग होने वाले हानिकारक गैसों के प्रभाव से बचने की कोशिश की जा रही है। सिम्स के डाक्टरों के द्वारा आधुनिक व पर्यावरण हितैषी तकनीक को अपनाया जाने के बाद से डेसफ्लुरेन और नाइट्रस ऑक्साइड, ग्रीनहाउस गैसों का उपयोग कम होगा और कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन को रोका जा सकेगा। कम मात्रा में गैस देकर भी सुरक्षित एनेस्थीसिया दिया जाना संभव है। सिम्स के डाक्टर गैस की खपत और प्रदूषण दोनों में कमी पर काम कर रहे है। नई तकनीकों के माध्यम से गैस लीकेज को नियंत्रित कर ऑपरेशन थिएटर के बाहर प्रदूषण को कम किया जा रहा है। यह पद्धति पर्यावरण के साथ-साथ आर्थिक रूप से भी फायदेमंद है।

#### तकनीक हमारी आवश्यकता है

ग्रीन एनेस्थीसिया के तहत गैसों का सीमित और नियंत्रित उपयोग होता है। मरीज को सुरक्षित एवं प्रभावी एनेस्थीसिया मिलता है, वहीं पर्यावरण में हानिकारक गैसों का उत्सर्जन भी कम होता है। यह तकनीक अब हमारी आवश्यकता है।

**-डॉ. मधुमिता मूर्ति,** विभागाध्यक्ष एनेस्थीसिया विभाग

#### निरंतर हो रहा प्रयास

निश्चेतना में उपयोग होने वाली गैसों का अत्यधिक प्रयोग ग्लोबल वार्मिंग और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसके दीर्घकालीन प्रभाव देखे गए है। ग्रीन एनेस्थीसिया के माध्यम से इन दुष्प्रभावों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। सिम्स इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

**-डॉ. रमणेश मूर्ति,** डीन, सिम्स

#### डाक्टरों पर होता है असर

स्टडी में यह बात सामने आई है कि सर्जरी के दौरान एनेस्थीसिया का प्रभाव केवल मरीज तक सीमित नहीं रहता है। मरीज को ऑपरेशन के दौरान एक बार एनेस्थीसिया दिया जाता है,लेकिन एनेस्थीसिया विशेषज्ञ व चिकित्सक दिनभर में 10 से 12 घंटे तक लगातार कई मरीजों को एनेस्थीसिया प्रदान करते हैं।बार-बार इन गैसों के संपर्क में आने के कारण उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव दिखाई देते है। यही कारण है कि डाक्टरों की सुरक्षा के लिए ग्रीन एनेस्थीसिया समय की मांग बन चुकी है।



## खबर संक्षेप

### इंस्टाग्राम में गौ माता पर अभद्र टिप्पणी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** इंस्टाग्राम में गौ माता पर अभद्र टिप्पणी लिखकर अपलोड करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में गौ माता पर अभद्र टिप्पणी लिखकर वायरल कर दिया गया है। जिससे हिंदू समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोगों ने सिरगिट्टी थाना जाकर पोस्ट पर आपत्ती जताते हुए एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस अभय की रिपोर्ट पर इंस्टाग्राम आईडी धारक अफजल अली के खिलाफ बीएनएस की धारा 196, 299, 351, 3, 353, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### एसी कापर पाइप चोरी करने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** एसी कापर पाइप चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मोपका गुलाबनगर निवासी पूजा उर्फ प्रिंसी देवांगन ने रिपोर्ट लिखाई। वह 26 मार्च को अपनी ब्यूटी हैवन यूनिसैक्स सेलून में ताला लगाकर घर चली गई थीं। 27 मर्चा को दोपहर 12 बजे शाप नम्बर 64 के संचालक शुभम जायसवाल ने उन्हें फोन कर बताया कि दोनों के दुकान में लगे एसी का कापर पाइप चोरी हो गई है। पुलिस उनकी रिपोर्ट पर अपराध कायम कर जांच में जुट गई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दुर्गानगर लिंगियाडीह निवासी पूरन नेताम पिता नंदू नेताम 24 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने दुकानों से एसी का कापर पाइप चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसके पास से कापर पाइप जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### कुत्ते को मारने के बाद युवक ने लगाई फांसी

**बिलासपुर।** नशे में कुत्ते को मारने के बाद युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मोपका विवेकानंद कालोनी निवासी वीर भोई पिता मधुकर भोई ने बताया, राजीव रजक के पिता की मृत्यु हो गई है। उसकी मां उसे छोड़कर चली गई है। उनकी मां ने राजीव रजक को मुंहबोला भाई बनाकर रखा था। शुक्रवार की रात में वह नशे में आया और गली में कुत्ते को जमकर पीटा। उसकी मां ने उसे घर नहीं आने दिया। कुछ देर बाद वह दरवाजा से कूदकर अंदर आया और मां से खाना मांगा और शनिवार को कमाने खाने इलाहाबाद जाने की बात कहकर कमरे में चला गया। देर रात उसने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### हत्या करने की कोशिश पति को 5 साल कैद

**बिलासपुर।** कोर्ट ने चरित्र शंका पर पत्नी पर हंसिया से जानलेवा हमला कर हत्या करने की कोशिश करने वाले पति को 5 साल कैद की सजा सुनाई है। तखतपुर निवासी दानेश्वरी ठाकुर की शादी तखतपुर वार्ड क्रमांक 1 चुलघट रोड निवासी लोमश सिंह उर्फ छोटे पिता स्व. चंद्रिका प्रसाद सिंह से हुई थी। शादी के बाद लोमश सिंह अपनी पत्नी पर चरित्र शंका कर मारपीट करने लगा। 5 मार्च 2024 को उसी बात को लेकर पति पत्नी के बीच विवाद हुआ। आक्रोशित होकर लोमश सिंह ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट करते हुए हंसिया से सिर व पेट में जान लेवा हमला कर दिया था। पुलिस ने रिपोर्ट पर पति को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। 28 मार्च को एकादश अपर सत्र न्यायाधीश विजेन्द्र सोनवानी ने दोनों पक्षों की गवाही के बाद आरोप सिद्ध होने पर आरोपी लामेश सिंह को धारा 307 में 5 साल कैद 500 रुपए अर्थदण्ड पटाने की सजा सुनाई है। शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक देवेन्द्र राव सोमावार ने पैरवी की है।

**बीमार कर रही है यही ठंडी बर्फ** जूस सेंटरों, गन्ना रस दुकान, लस्सी की दुकानों में इनका बड़े पैमाने पर हो रहा उपयोग

# जिले में 30 से अधिक आइस फैक्ट्री, किसी के पास लाइसेंस तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी बढ़ने के साथ ही बर्फ का उपयोग बढ़ गया है। जूस सेंटरों, गन्ना रस दुकान, लस्सी की दुकानों में इनका बड़े पैमाने में उपयोग हो रहा है। लोग बर्फ की चुस्कियां ले रहे हैं लेकिन यह किसी को पता नहीं रहता कि यह बर्फ खाने योग्य है या नहीं। कई जगह अमानक बर्फ का उपयोग किया जा रहा है। यह लोगों की सेहत के लिए घातक हो सकता है।

जिले सहित शहर में 30 से अधिक आइस फैक्ट्री हैं लेकिन किसी के पास लाइसेंस तक नहीं है। यहां बड़े स्तर पर बर्फ की सिल्ली बनाई जाती हैं और यही बर्फ बाजार में खूब बिक रहा है। शीतल पदार्थ में इस्तेमाल होने वाली बर्फ की खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा अभी तक जांच नहीं शुरू की गई। जिस वजह से आशंका है कि शहर में अमानक बर्फ की खपत धड़ल्ले से हो रही है। बर्फ फैक्ट्रियों में बर्फ जमाने के लिए उपयोग किए जा रहे जल की गुणवत्ता भी संदिग्ध रहती है। दरअसल कुछ फैक्ट्रियों में बोरिंग के पानी से बर्फ बनाई जा रही है। यह पेयजल के मानक को पूरा नहीं करता है। एक-दो फैक्ट्रियों में ही नगर निगम से आपूर्ति हो रहे जल का उपयोग बर्फ बनाने में हो रहा है।

बिलासपुर में देखा जाए तो तोरवा, जगमल चौक, तिफरा, सरकंडा इलाकों में बर्फ बनाने की फैक्ट्रियां है। इसमें ज्यादातर फैक्ट्रियां अखाद्य बर्फ का निर्माण करती हैं। इसकी कीमत कम होती है। इसलिए मुनाफा बढ़ाने के लिए ठेले, होटल वाले ये बर्फ खरीद लेते हैं।


सरकारी जमीन पर बनी है फैक्ट्री, मशीन भी मछली विभाग ने लगवाई, लीज पर दिया गया

फैक्ट्री में खुद लिखा- यहां का बर्फ खाने योग्य नहीं, उसी की सप्लाई जिले भर में, रोजाना हजार क्विंटल की बिक्री

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### शीतलपेय पदार्थों में हो रहा उपयोग

शीतलपेय पदार्थों में तरावट बढ़ाने के लिए मिलाई जा रही बर्फ 5-7 रुपए किलो बाजार में उपलब्ध है। कंपनी गार्डन के सामने गन्ने का रस बेचने वाले प्रकाश सिन्हा ने बताया कि वह रोजाना 10 किलो बर्फ की सिल्ली लेकर आता है। यह दिनभर में उपयोग में लिया जाता है। उसने किफायती दामों में मिल जाता है।

### सेवन से बीमारियों की आशंका

इधर दूषित बर्फ के सेवन से लोगों की सेहत खराब होने का डर बना हुआ है। जिमेदार विभाग द्वारा न तो बाजार में बिकने वाले और न ही फैक्ट्री में बनने वाले बर्फ की जांच की जा रही जबकि बर्फ फैक्ट्री से ठेलों, होटलों तक में बर्फ की आपूर्ति की जा रही है। बर्फ के गोले, कुल्फी में अखाद्य बर्फ का उपयोग हो रहा है। बिना लाइसेंस की फैक्ट्री में बनने वाले बर्फ की गणवत्ता की जांच नहीं होती।

### गंदगी के कारण इंफेक्शन का खतरा

इधर विशेषज्ञों और डॉक्टरों का दावा है कि इन फैक्ट्रियों में तापमान कम रहने की वजह से पानी में इकोलाई बैक्टीरिया मिलता है। तेजी से पीलिया फैलने के पीछे ऐसी बर्फ के गोले और शर्बत भी बड़ी वजह है। इन फैक्ट्रियों गंदगी के कारण इंफेक्शन का खतरा बढ़ता है। जंग लगे सांचे से इंफेक्शन होता है। पीलिया यानी हेपेटाइटिस-ए, ई ऐसे ही दूषित पानी से फैलता है।

### जांच की जा रही है

बाजार में आने वाला बर्फ सही है कि नहीं उसकी जांच की जा रही है। साथ ही आइस फैक्ट्री संचालकों को खाने योग्य बर्फ को पूरी तरह से सफेद और अन्य कामों में उपयोग आने वाली बर्फ में नीला रंग डालने कहा गया है, इससे मानक व अमानक बर्फ का पता चल सकेगा और शहरवासियों को सही बर्फ उपलब्ध हो सकेगा।

**-आरआर देवांगन**, अभिहित अधिकारी

## अनावश्यक वितरण पर रोक, वाहनों को ही मिलेगा ईंधन

# पेट्रोल-डीजल आपूर्ति पर प्रशासन की सख्त निगरानी उद्योगों को रिकार्ड के आधार पर ही मिलेगा डीजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पेट्रोल डीजल संकट को लेकर लगातार उड़ती अफवाहों को रोकने और लोगों को सुचारू रूप से उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अब प्रशासन अलर्ट मोड पर है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा संभावित दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में संचालित सभी पेट्रोल-डीजल पंप संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील बुनियादी सेवाओं के अतिरिक्त किसी भी उद्योग को डीजल की आपूर्ति नहीं करेंगे। विशेष परिस्थितियों में संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) या तहसीलदार की अनुमति के बाद ही आपूर्ति की जा सकेगी। सामान्य उपभोक्ताओं के लिए भी नियम निर्धारित किए गए हैं। पेट्रोल-डीजल का वितरण अब केवल वाहनों में ही किया जाएगा, किसी अन्य पात्र में ईंधन देने पर प्रतिबंध रहेगा। कृषि उपयोग, जनरेटर एवं सूक्ष्म उद्योगों के लिए डीजल आपूर्ति पूर्व खपत के औसत के आधार पर की जाएगी, जिसका पृथक रिकॉर्ड संधारित किया जाएगा।

■ **अवैध परिवहन व कालाबाजारी पर होगी कड़ी कार्रवाई**

कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि जिले में पेट्रोलियम पदार्थों के परिवहन पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। पेट्रोल पंप परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की नियमित जांच की जाएगी। अवैध परिवहन या कालाबाजारी की स्थिति में आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।आदेश के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जांच दल का गठन किया गया है, जो जिलेभर में सतत निगरानी एवं निरीक्षण करेगा। संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित पर्यवेक्षण के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है तथा सभी संबंधितों को इसका कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा। यह आदेश छत्तीसगढ़ शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशों के परिपालन में लागू किया गया है।


कलेक्टोरेट मंथन सभाकक्ष में पेट्रोल-डीजल संचालकों की बैठक लेते कलेक्टर।

### कलेक्टर, एसपी व तेल कंपनियों को दिए गए निर्देश




पश्चिम एशिया की परिस्थितियों के मद्देनजर संभाग कमिश्नर सुनीज जैन व आईजी रामगोपाल गर्ग द्वारा शनिवा को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसपी रजनेश सिंह की उपस्थिति में समीक्षा बैठक लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं तेल कंपनियों के अधिकारियों, डीलरों, वितरकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। बैठक में पेट्रोलियम उत्पादों, एलपीजी गैस, उर्वरकों एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बिलासपुर सहित पूरे संभाग में इन वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की कमी की स्थिति उत्पन्न न होने दी जाए। वर्तमान परिस्थितियों में अफवाहों पर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। आमजन तक सही एवं तथ्यात्मक जानकारी समय पर पहुंचाई जाए तथा सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों पर भ्रामक खबरों की सतत निगरानी रखते हुए तत्काल खंडन किया जाए।

**कालाबाजारी पर होगी कार्रवाई:** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत संभागीय कमिश्नर सुनील जैन ने पेट्रोल-डीजल, गैस सहित आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी या जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी तरह पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने सीमावर्ती चेक पोस्टों पर विशेष सतर्कता बरतने कहा है। संभाग कमिश्नर श्री जैन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पेट्रोल-डीजल, गैस सिलेंडर सहित आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी या जमाखोरी करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। पेट्रोल पंपों एवं गैस एजेंसियों के स्टॉक और वितरण की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि उर्वरकों की होल्डिंग पर रोक लगाई जाए तथा किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप समय पर खाद उपलब्ध कराया जाए। इसी तरह दैनिक स्टॉक की निगरानी कर वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए। अस्पतालों, छात्रावासों, शैक्षणिक संस्थानों, रेलवे एवं अन्य आवश्यक सेवाओं में गैस और ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आईजी श्री गर्ग ने भी निर्देश दिए हैं कि सीमावर्ती चेक पोस्टों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। गैस सिलेंडरों एवं पेट्रोल-डीजल के परिवहन पर कड़ी नजर रखी जाए तथा अवैध रूप से कंटेनरों में ईंधन बिक्री पर रोक लगाई जाए। तेल कंपनियों के अधिकारियों ने संभाग में पेट्रोलियम पदार्थों एवं गैस की पर्याप्त उपलब्धता बताई है तथा आपूर्ति सामान्य रूप से जारी होने की बात कही है। संभाग कमिश्नर व आईजी ने सभी अधिकारियों को टीम भावना से कार्य करते हुए आमजन को निर्बाध सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### राज्य नियंत्रण कक्ष स्थापित

पश्चिम एशियाई संकट के चलते संभावित आपूर्ति व्यवधान को देखते हुए राज्य शासन ने घरेलू गैस, पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। नागरिकों की सहायता के लिए आपातकालीन नंबर 18002333663 जारी किया गया है जिस पर कॉल कर गैस एवं ईंधन आपूर्ति संबंधी जानकारी और मदद प्राप्त की सकती है। यह नियंत्रण कक्ष खाद्य विभाग के संचालन में कार्य करेगा। शासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में उक्त नंबर पर संपर्क करें।

### ओटीपी आने के कई दिनों बाद डिलीवरी

शासन- प्रशासन के तमाम दावों के बाद भी रसोई गैस सिलेंडर को लेकर लोगों के बीच समस्या बनी हुई है। यह समस्या उत्पन्न होने के बाद शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों बाद बुकिंग की व्यवस्था थी जिसे बढ़ाकर 35 दिन कर दिया गया है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 42 दिनों बाद बुकिंग हो रही है। इस तरह आनलाइन गैस रिफलिंग बुक करने वालों के मोबाईल पर ओटीपी भी आ जा रहा है तो उसके बाद भी गैस सिलेंडर होम डिलीवरी कई दिनों बाद की जा रही है।


गिरफ्तार आरोपी।

# रिसार्ट में चीतल का मांस पकाने वाले जेल भेजे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा वन परिक्षेत्र के कुरदर रिसार्ट में चीतल का मांस पकाने के मामले विभागीय टीम ने कार्रवाई करते हुए पकड़े गए आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी आरोपियों को जेल दाखिल कर दिया गया है।

शुक्रवार को बिलासपुर वन मंडल के डीएफओ नीरज कुमार को सूचना मिली कि कोटा वन परिक्षेत्र के बेलगहना रेंज अंतर्गत ईको जोहार रिसार्ट कुरदर में चीतल का मांस पकाया जा रहा है। सूचना मिलते ही कोटा के उप वन मंडलाधिकारी अनिल भास्करन ने तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया। अधिकारियों के आदेश पर वन विभाग बेलगहना परिक्षेत्र के सहायक शिवकुमार पैकरा, बीएफओ संतकुमार वाकरे, पंकज साहू, सोमप्रकाश जयसिंधु, सावन यादव, वन विकास निगम के रेंजर रवि जगत, डिप्टी रेंजर अरविंद बंजारे, नंदकिशोर सहित अन्य स्टाफ तत्काल मौके पर पहुंचे। टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां से पका हुआ मांस और उसे काटने पकाने वाले आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपियों ने बताया कि वे जंगल से चीतल को पकड़कर लाए थे, जिसे काटकर पकाने के बाद खाने वाले थे। वन विभाग की टीम ने आरोपी केंवची निवासी रामकुमार टोप्पो पिता धनेश्वर टोप्पो 39 साल, कुरदर निवासी जनक राम बैगा पिता अमर सिंह 30 साल, देवसिंह बैगा पिता बजरू, राजेश पिता देवसिंह, लखन सिंह पिता सुकरू राम 26 साल, बरसठी जौनपुर उत्तरप्रदेश निवासी रजनीश सिंह पिता स्व. मुक्तेश्वर सिंह 32 साल को गिरफ्तार किया।

आरोपियों से पूछताछ के बाद वन विभाग की टीम ने वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 39, 1, 2, 3, 44, 50, 41 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। कोर्ट ने सभी आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

# युवक के जेब में फटा मोबाइल, हाथ- पैर जला



**बिलासपुर।** सेंट्रल लाइब्रेरी के पास दोस्तों के साथ खड़े होकर बातचीत कर रहे एक युवक के जेब में रखा मोबाइल जलकर फट गया, जिससे युवक का हाथ व पैर जल गया है। प्राथमिक इलाज के बाद युवक की छुट्टी कर दी गई है।

शनिवार को रामेश्वर कश्यप नामक युवक दोस्तों के साथ सरकण्डा सेंट्रल लाइब्रेरी के पास खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान रामेश्वर के जेब में रखा मोबाइल से धुंआ निकलने लगा और वह फट गया। मोबाइल निकालने के दौरान उनका हाथ व पैर जल गया है। आनन फानन में दोस्तों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। बताया जाता है स्मार्टफोन में इस्तेमाल होने वाली लिथियम आयन बैटरियां कभी कभी अधिक गर्म होने या क्षतिग्रस्त होने पर ब्लास्ट कर सकती है। सस्ते व अनधिकृत चार्जर का उपयोग करने से ऐसे हादसा हो सकता है।

### उप चुनाव लिए शुरू होगा पुनरीक्षण कार्य

**बिलासपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद कुछ पंचायत प्रतिनिधियों के पद रिक्त हो गए हैं। पंच, सरपंच व जनपद सदस्यों के पूरे छत्तीसगढ़ में 1142 पद रिक्त हैं, जिनके लिए उप चुनाव होना है। उप चुनाव के मद्देनजर राज्य निर्वाचन आयोग मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू करने जा रही है। बिलासपुर जिले में भी एक सरपंच और 13 पंचों के पद रिक्त हैं। पंचायत उप चुनाव के पहले राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली तैयार करने कार्यक्रम जारी किया गया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# आपातकालीन सेवा डायल 112 की सभी गाड़ियां खराब, पेट्रोलिंग गाड़ी से लिया जा रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में चलने वाली आपात कालीन सेवा डायल 112 की सभी गाड़ियां खराब होकर खड़ी हो गई हैं। पेट्रोलिंग गाड़ी से इवेंट पर काम लिया जा रहा है। बताया जा रहा है रायपुर में डायल 112 की नई गाड़ियां आ गई हैं। जल्द ही गाड़ी उपलब्ध होने की संभावना जताई जा रही है।

4 सितंबर 2018 में आपातकालीन सेवा के लिए डायल 112 की जिले में 23 गाड़ियां उपलब्ध कराई गई थी। समरे से 3 गाड़ी जीपीएम जिला में संचालित हो रही थी। शेष 20 गाड़ियां बिलासपुर जिले में चल रही थीं। पिछले 8 सालों में यह गाड़ियां आपातकालीन सेवा के लिए 24 घण्टे दौड़ रही थीं। नियमानुसार एक गाड़ी को 2.50 लाख किलो मीटर चलना रहता है, किन्तु जिले में चल रही सभी डायल 112 की गाड़ियां 2.50 किलो मीटर से अधिक चल गई हैं और खराब होकर खड़ी हो गई हैं। जिले में एक भी डायल 112 की गाड़ी नहीं चल रही हैं। जिससे पुलिस विभाग के द्वारा थानों में चलने वाली दो पेट्रोलिंग गाड़ी में से एक पेट्रोलिंग गाड़ी से डायल 112 का काम लिया जा रहा है। डायल 112 की गाड़ी की मोबाइल पेट्रोलिंग पार्टी को उपलब्ध करा दिया गया है। डायल 112 में इवेंट आने पर पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंचकर आहतों को सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं।

### रायपुर में आई नई गाड़ियां

खबर है कि पूरे प्रदेश में डायल 112 की गाड़ियां क्षमता से अधिक चलने के कारण खराब होकर खड़ी हो गई हैं। सभी जिलों से डायल 112 की नई गाड़ियों की मांग की गई है। बताया जाता है रायपुर में डायल 112 की नई गाड़ियां आ गई हैं। आवश्यकता के अनुसार जिलों में डायल 112 की गाड़ियां उपलब्ध कराई जा रही हैं। बहरहाल बिलासपुर जिले में एक भी डायल 112 की गाड़ी उपलब्ध नहीं हुआ है।

### जल्द मिल जाएगी गाड़ी

डायल 112 की सभी गाड़ियां खराब होकर बंद हो गई हैं। पेट्रोलिंग गाड़ी से इवेंट मिलने पर काम लिया जा रहा है। इससे कोई भी इवेंट प्रभावित नहीं हो रहा है। जिले के लिए 23 से 24 नए डायल 112 गाड़ी मांग करते हुए प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय रायपुर को भेजा गया है। जल्द ही डायल 112 की नई गाड़ी उपलब्ध हो जाएगी।

**-मधुलिका सिंह**, एडीशनल एसपी ग्रामीण

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com


रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
18 सितम्बर से 25 सितम्बर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि: स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411